www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

03 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 76







## झारखंड के लिए गर्व: ओलंपियन सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड

- 17 को राष्ट्रपति कुल 32 खिलाड़ियों को प्रदान करेंगी अर्जुन पुरस्कार
- गुकेश डी, हरमनप्रीत सिंह, प्रवीण कुमार और मनु भाकर को खेल रत्न
- पांच प्रशिक्षकों को दिया जायेगा द्रोणाचार्य पुरस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी है। गुरुवार को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति भवन में 17 जनवरी को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर और उचित जांच के बाद सरकार ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विश्वविद्यालय और संस्थाओं को अलग-अलग श्रेणी में पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। चार खिलाड़ियों को खेल रत्न और 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड देने की घोषणा की गयी है। वहीं पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिये जायेंगे। सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**सिमडेगा की रहनेवाली हैं सलीमा :** अर्जुन अवार्ड के लिए सलीमा टेटे के नाम की घोषणा से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सलीमा अभी भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं। अर्जुन पुरस्कार के लिए चयनित होने पर उन्हें बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिले की निवासी हैं। उनका पैतृक गांव बड़की छापर है। उनके पिता का नाम सुलक्षण टेटे है। वह भी स्थानीय स्तर पर हॉकी खेलते रहे हैं। काफी संघर्षों के बाद सलीमा ने सिमडेगा से भारतीय हॉकी टीम तक सफर तय किया है। साल 2016 में सलीमा का चयन जूनियर भारतीय हॉकी महिला टीम के लिए हुआ था। इसके बाद सलीमा ने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।

### इन्हें मिलेगा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

गुकेश डी (शतरंज), हरमनप्रीत सिंह (हॉकी), प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स) और मनु भाकर (निशानेबाजी)।

### इन्हें मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स), नीतू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स), जीवनजी दीप्ति (पैरा एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन जी (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), तुलसीमथी मुरुगेसन (पैरा-बैडमिंटन), नित्या, सुमति सिवान (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाजी), रुबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाजी), स्वप्निल सुरेश कुसाले (निशानेबाजी), सरबजोत सिंह (निशानेबाजी), अभय सिंह (स्क्वाश), साजन प्रकाश (तैराकी) और अमन (कुश्ती)।

### इन्हें मिलेगा अर्जुन पुरस्कार (आजीवन)

- सुच्चा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी)

### इन प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार

- सुभाष राणा (पैरा-निशानेबाजी), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी) और संदीप सांगवान (हॉकी)।

### इन प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन)

- एस मुरलीधरन (बैडमिंटन) और अर्मांडो एग्नेलो कोलाको (फुटबॉल)

### राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

- फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया

### मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी

- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, (पीबी) और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर।

## रांची का सीओ घूस लेते गिफ्तार

- एसीबी ने मुंशी राम को 40 हजार रुपये लेते रंगेहाथों पकड़ा गया, घर से 11 लाख रुपये बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये साल के दूसरे दिन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने रांची के सदर सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मुंशी राम को उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की गयी। वहां से करीब 11 लाख रुपये बरामद किये गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंशी राम रांची में रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन नापी के लिए 40 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीबी से की थी। इसके बाद एसीबी की टीम हरकत में आयी। मामले की जांच के बाद एसीबी ने गुरुवार को रांची के कोर्ट स्थित मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की। उन्हें 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की, जहां से करीब 11 लाख रुपये नगद बरामद हुए।

## मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की ससमय तैयारी पूरी हो: भजंत्री

- उपायुक्त ने छह को होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की
- रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में जुटेंगी राज्यभर की लाभुक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम 6 जनवरी को नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे। वह राज्य की 56 लाख महिलाओं के खाते में 2500 रुपये की सम्मान राशि ऑनलाइन ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। भजंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच निर्माण, अतिथियों/लाभुकों के लिए भोजन-पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग आदि व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने दूसरे जिलों से आनेवाले लाभुकों के लिए चिन्हित स्थानों पर अधीनस्थ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर भोजन और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में चलंत शौचालय की व्यवस्था एवं कार्यक्रम के दौरान और बाद में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के लिए टीम की प्रतिनियुक्ति करें।

**आयोजन स्थल का लिया जायजा :** उपायुक्त ने नामकुम में कार्यक्रम स्थल का जायजा भी लिया। विभिन्न जिलों से लाभुकों को लेकर आनेवाले वाहनों के रुट चार्ट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोजन में बड़ी संख्या में लाभुकगण आयेंगे। वे जिन बसों से कार्यक्रम स्थल पहुंचेगें उनका पार्किंग स्थल पूर्ण रूप से सुनिश्चित रखें। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे।


मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में अफसरों के साथ बैठक


नामकुम में कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते उपायुक्त

### 56 लाख महिलाओं के खाते में जायेगी सम्मान राशि

मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। योजना के तहत राज्य की 56 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में दिसंबर माह से बढ़ी हुई 2500 रुपये की सम्मान राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। पहले यह समारोह 28 दिसंबर को होने वाला था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद सात दिनों के राजकीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।


## न्यूज रील्स

### बांग्लादेश के खिलाफ आंखें लाल करने का समय आ गया: तोगड़िया

**सूरत।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने गुरुवार को सूरत में विभिन्न समुदायों के नेताओं से मुलाकात की। महाकुंभ को लेकर वीएचपी की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। प्रवीण तोगड़िया ने बताया कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में करोड़ों लोग शामिल होने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की ओर से रोजाना एक लाख लोगों के लिए चाय और नाश्ता का इंतजाम किया गया है। तोगड़िया ने कहा कि बहुसंख्यक हिंदुओं के लिए हम जरूरत पड़ने पर कानून और डंडे दोनों की मदद लेंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के मामले में उन्होंने कहा कि एक बार आंख लाल हुई तो पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया। अब बांग्लादेश के खिलाफ आंख लाल करने का समय आ गया है। अगर हमने अभी आंखें लाल कर लीं तो बांग्लादेश चार हिस्सों में बंट जायेगा।

## कश्मीर का नाम 'कश्यप' हो सकता है: अमित शाह


आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में 'जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख थ्रू द एजेस' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि कश्मीर का नाम 'कश्यप' के नाम पर हो सकता है। इतिहासकारों ने कश्मीर का इतिहास पुस्तकों के जरिये बताने की कोशिश की। मेरी इतिहासकारों से अपील है कि प्रमाण के आधार पर इतिहास लिखें। उन्होंने कहा कि 150 साल का एक दौर था, जब इतिहास का मतलब दिल्ली दरीबां से बल्ली मारान तक और लुटियन से जिमखाना तक था। इतिहास यहीं तक सीमित था। यह समय शासकों को खुश करने के लिए लिखे गये इतिहास से खुद को मुक्त करने का है। मैं इतिहासकारों से अपील करता हूं कि वे हमारे हजारों साल पुराने इतिहास को तथ्यों के साथ लिखें। शाह ने कहा कि कश्मीर का भारत से न टूटने वाला जोड़ है। लद्दाख में मंदिर तोड़े गये। कश्मीर में आजादी के बाद गलतियां हुईं, फिर उन्हें सुधारा गया। शंकराचार्य का जिक्र, सिल्क रूट, हेमिष मठ से साबित होता है कि कश्मीर में ही भारत की संस्कृति की नींव पड़ी थी। सूफी, बौध और शैल मठ सभी ने कश्मीर में विकास किया। देश की जनता के सामने सही चीजों को रखा जाये।

## राजघाट के पास बन सकता है मनमोहन सिंह का स्मारक

- केंद्र ने परिवार को जगह बतायी, जमीन लेने के लिए ट्रस्ट बनेगा, वही आवेदन करेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए जमीन आवंटन का काम शुरू हो चुका है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार ने स्मारक के लिए डॉ. सिंह के परिवार को कुछ जगहें सुझायी हैं। परिवार की तरफ से जगह का चुनाव हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी। सूत्रों के मुताबिक, गांधी-नेहरू परिवार की समाधियों के नजदीक ही डॉ. सिंह का स्मारक बनाये जाने की संभावना है। स्मारक के लिए एक-डेढ़ एकड़ जमीन दी जा सकती है। इसके लिए शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने राजघाट और उसके आसपास का दौरा भी किया है। नयी पॉलिसी के मुताबिक जमीन आवंटन किसी ट्रस्ट को ही किया जा सकता है। इस वजह से पहले ट्रस्ट का गठन करना होगा। जमीन के लिए आवेदन ट्रस्ट ही करेगा। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 दिसंबर की शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा था कि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार जहां हो, वहीं स्मारक बनाया जाये। हालांकि गृह मंत्रालय ने निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार करवाया था।

## ममता बनर्जी का आरोप: बांग्लादेशियों की घुसपैठ करा रही बीएसएफ

- प. बंगाल की मुख्यमंत्री ने जवानों के खिलाफ महिलाओं पर अत्याचार और अशांति फैलाने का भी आरोप लगाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) बांग्लादेशियों की घुसपैठ में मदद करता है, इसलिए बंगाल में अशांति फैल रही है। ये सब केंद्र सरकार का एजेंडा है। उन्होंने कहा कि अगर बीएसएफ ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखता है, तो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) उसके खिलाफ प्रदर्शन करेगी। हमने कई बार केंद्र सरकार को इस बारे में बताया है। केंद्र जो भी फैसला लेगा, हम उसे मानेंगे।

**सीमा पर प्रवेश की मंजूरी मिल रही:** बनर्जी ने कहा कि बीएसएफ सीमा पर अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात है, लेकिन वह इस्लामपुर, सीताई और चोपड़ा सीमा से बांग्लादेशियों को भारत में प्रवेश की मंजूरी दे रहा है। बीएसएफ के जवान महिलाओं पर भी अत्याचार कर रहे हैं। वे घुसपैठियों को बंगाल में आने देंगे और टीएमसी पर दोष मढ़ देंगे, तो ऐसा नहीं होगा।

### ममता केंद्र को लिखेंगी चिट्ठी

ममता बनर्जी ने आगे कहा कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को जांच करने और उन इलाकों की पहचान करने के आदेश दिये जायेंगे, जहां से बीएसएफ घुसपैठ की अनुमति दे रहा है। पुलिस और केंद्र के पास इसकी सारी जानकारी है। मैं इस बारे में केंद्र सरकार को चिट्ठी भी लिखूंगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,600 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# संघ प्रमुख के बयानों का कायल हुआ विपक्ष और मुस्लिम समाज

## ■ हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ़ने की जरूरत नहीं: भागवत, भागवत सही कह रहे हैं: विपक्ष

## ■ जब सत्ता प्राप्त करनी थी, तब मंदिर-मंदिर, सत्ता मिल गयी, तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत: अविमुक्तेश्वरानंद

## ■ मोहन भागवत किसी एक संगठन के प्रमुख हो सकते हैं, हिंदू धर्म के प्रमुख नहीं: रामभद्राचार्य

## ■ सवाल: मोहन भागवत के बयान के हिसाब से जो हिंदू मंदिर की बात करेगा, तो क्या वह राजनीति कर रहा है?

## ■ अगर मस्जिद में मंदिर ढूंढ़ने वाला नेतागिरी चमका रहा है, तो फिर राम मंदिर आंदोलन में शामिल लोगों को क्या कहा जाये

आजाद सिपाही विशेष

आजकल आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दिये जा रहे बयान सुर्खियों में हैं। सुर्खियों में इसलिए, क्योंकि उनके बयान हिंदुओं को कन्फ्यूजन में डाल रहा है। कन्फ्यूजन में इसलिए, क्योंकि वह तय नहीं कर पा रहा है कि क्या आज का आरएसएस वही आरएसएस है, जिस पर हिंदू एक वक्त प्रगाढ़ विश्वास किया करता था कि कोई उनका पक्ष ले न ले, लेकिन आरएसएस जरूर लेगा। आरएसएस, यानी हिंदुओं का अभिमान। लेकिन आजकल हिंदू अब सोचने पर मजबूर हो रहा है कि आरएसएस प्रमुख सर संघचालक का हालिया बयान किस ओर इशारा कर रहा है। अचानक से आरएसएस प्रमुख के बयानों और विचारों में बदलाव कैसे आ रहा है। हिंदू समाज अब यह सोचने को बाध्य हो गया है कि क्या आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के बयानों को सीरियसली लिया जाये या इसे उम्र का तकाजा मान कर छोड़ दिया जाये, क्योंकि जिस आरएसएस पर ज्यादातर हिंदू समाज नाज करता आया है, आज उसके अंदर खलबली मची हुई है। खलबली मोहन भागवत द्वारा दिये जा रहे हालिया बयानों पर। मोहन भागवत कहने लगे हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ़ने की जरूरत नहीं। इसका मतलब तो यही हुआ कि हिंदू अपने धरोहरों को भूल जाये। इस्लामिक आक्रांताओं द्वारा जिन हिंदू मंदिरों को तोड़ा गया, खंडित किया गया, उसका अस्तित्व मिटाने की कोशिश की गयी, उसे हिंदू समाज भूल जाये। लेकिन हिंदू समाज भी अब पूछने लगा है कि आखिर क्यों भुला दिया जाये। ये मोहन भागवत के निजी विचार हो सकते हैं और वह अपना विचार किसी भी समाज पर थोप नहीं सकते। मोहन भागवत का एक और बयान काफी सुर्खियों में है। भागवत ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इस तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इनके हिसाब से अब कोई भी मंदिर का मुद्दा उठायेगा, तो वह राजनीति कर रहा है। नेता बनने की कोशिश कर रहा है। यानी राम मंदिर भी मोहन भागवत के हिसाब से नेता बनाने वाली फैक्ट्री ही मानी जायेगी। राम मंदिर की बात तो पांच सौ वर्षों से हो रही है। असंख्य राम भक्तों ने जिस राम मंदिर निर्माण के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया, फिर उनका कोई मोल नहीं। इसीलिए ज्यादातर हिंदू समाज अब मोहन भागवत को सीरियसली नहीं ले रहा है। कह रहा है, सारी सुविधा वह लें, एएसएल सिक्योरिटी, जिसमे 58 कमांडो होते हैं, उसमें वह घूमें और सनातन का पाठ भी वही पढ़ायें, तो कैसे चलेगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। विरासत को विस्मृत कर भौतिक विकास संभव नहीं। वहीं संत समाज भी सर संघचालक के बयानों का समर्थन नहीं कर रहा है। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का मोहन भागवत के बयान पर कहना है कि जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे। अब जब सत्ता मिल गयी है, तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। वहीं स्वामी रामभद्राचार्य ने संघ प्रमुख के अधिकार को चुनौती देते हुए कहा कि मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मोहन भागवत हमारे अनुशासनकर्ता नहीं हैं, बल्कि हम उनके हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत बयान हो सकता है। वह संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं। वैसे आजकल मोहन भागवत के बयानों का समर्थन विपक्ष खुलकर कर रहा है। कई मौलाना तो मोहन भागवत के फैन हो गये हैं और मोहन भागवत द्वारा दिये गये बयान का तहे दिल से स्वागत कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल भी मोहन भागवत को चिट्ठी लिखने लगे हैं। वैसे उनकी चिट्ठी से लगता है कि वह भाजपा और आरएसएस में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं आरएसएस के अंग्रेजी मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' और हिंदी मुखपत्र 'पांचजन्य' की राय में भिन्नता भी दिखी। अंग्रेजी मुखपपत्र 'ऑर्गेनाइजर' के संपादकीय में लिखा था कि सोमनाथ से लेकर संभल और उससे आगे का ऐतिहासिक सत्य जानने की यह लड़ाई धार्मिक वर्चस्व के बारे में नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान की पुष्टि करने और सभ्यतागत न्याय की लड़ाई है। वहीं 'पांचजन्य' ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। 'पांचजन्य' ने संपादकीय में लिखा कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए मंदिरों का प्रचार कर रहे हैं और खुद को हिंदू विचारक के रूप में पेश कर रहे हैं। आखिर क्यों मोहन भागवत के बयान सुर्खियों में हैं और इन बयानों का क्या हो सकता है राजनीतिक और सामजिक असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

### चीख-चीख कर गवाही दे रहा मंदिर

काशी, मथुरा, दिल्ली, आगरा, कश्मीर, गुजरात से लेकर मध्य प्रदेश के धार तक, इस्ट से लेकर वेस्ट, नॉर्थ से लेकर साउथ तक मंदिर-मस्जिद का विवाद जारी है। इन विवादों में हिंदू पक्ष का लगातार दावा है कि मुस्लिम आक्रांताओं ने हिंदुओं की आस्था पर गहरी चोट पहुंचायी थी। 60 हजार से ज्यादा मंदिरों को तोड़ डाला गया था। कई मंदिरों को तोड़कर मस्जिदों का निर्माण कराया गया था। उनका मानना है कि मुगल काल में आक्रांताओं ने काफी तरह से भारत की संस्कृति, हिंदू धर्म की आस्था को खंडित करने की कोशिश की थी। मंदिरों को तोड़ने का काम इसी में से एक है। इतिहासकारों की मानें, तो मुगल काल में तोड़े गये मंदिरों की एकदम सही संख्या बता पाना मुश्किल है, क्योंकि उस दौर का इतिहास भी मुगल शासकों ने अपने अनुसार लिखवाया था। हां, ये जरूर कहा जा सकता है कि कई हजार मंदिरों को मुगलों ने तोड़ दिया। कई के सबूत आज भी मौजूद हैं। कई मंदिर तो चीख-चीख कर अपने अस्तित्व की गवाही तक दे रहे हैं। बात भी सही है। राम मंदिर उनमें से एक था। पांच सौ वर्षों की लंबी लड़ाई, त्याग, बलिदान के बाद आज अयोध्या में रामलला विराजमान हैं। काशी के विश्वनाथ मंदिर की दीवारें तो अपनी पैरवी खुद कर रही हैं, कोई भी नंगी आंखों से बता देगा कि मंदिर और मस्जिद की दीवारों में फर्क साफ दिखाई पड़ता है। खैर यह मामला कोर्ट में चल रहा है। हिंदू और मुस्लिम पक्ष इस मामले को अपने-अपने हिसाब से सुलझा रहे हैं। इसी बीच संभल का विवाद भी जोर पकड़ने लगा। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन ने अपने पिता और वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन सहित, आठ लोगों की ओर से 19 नवंबर को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) में वाद दायर किया। उनका दावा है कि संभल की शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया और सर्वे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी का भी आदेश दिया। संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर का विवाद वर्षों से चला आ रहा है। इसका इतिहास में भी उल्लेख है। इसी वर्ष प्रकाशित मंडलीय गजेटियर में बताया गया कि अबुल फजल द्वारा रचित 'आइन-ए-अकबरी' में संभल में भगवान विष्णु के प्रसिद्ध मंदिर का उल्लेख है। संभल में पुराने शहर के मध्य में स्थित विशाल टीले (कोट अर्थात किला) पर भगवान विष्णु का प्रसिद्ध मंदिर होने का प्रमाण है। यहीं हरिहर मंदिर था।

### विपक्ष और मुस्लिम समाज हुआ कायल

खैर मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयानों की खूब चर्चा हो रही है। पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर खोजने की जरूरत नहीं। राम मंदिर बनने के बाद कुछ लोगों को लगता है कि बाकी जगहों पर भी इसी तरह का मुद्दा उठाकर वो हिंदुओं के नेता बन जायेंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मोहन भागवत ने कहा, अपना देश संविधान के मुताबिक चलता है। यहां पर किसी का राज नहीं चलता। जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है। जो चुनकर आयेगा, वह शासन चलायेगा । शासन जनता का होता है। अब वर्चस्व का जमाना खत्म हो गया है। आपको यह बात समझनी चाहिए और यह सब पुरानी लड़ाइयां हैं। इन लड़ाइयों को भूलकर हमें सबको संभालना चाहिए। उनके इस बयान का एक वर्ग ने समर्थन किया, तो वहीं हिंदूवादी संगठनों और कुछ संतों ने खारिज कर दिया। खासकर विपक्ष और मुस्लिम समाज ने आरएसएस प्रमुख के इस बयान को खूब सराहा है। वे कह रहे हैं कि हम आरएसएस प्रमुख के बयान का सवागत करते हैं। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने देश में बढ़ते मंदिर-मस्जिद विवाद पर आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने मोहन भागवत के बयान का स्वागत करते हुए कहा है कि भागवत के बयान से देश में हिंदुत्व के नाम पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं और ऐतिहासिक मस्जिदों और दरगाहों पर मंदिर होने का दावा कर देश में अमन शांति और आपसी भाइचारे के बीच दरार डाल रहे हैं, उनको करारा जवाब मिला है। अखिल भारतीय उलेमा बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव अल्लामा बुनई हसनी ने कहा है कि मोहन भागवत ने स्पष्ट रूप से हिंदू नेताओं को जो संदेश दिया है, इसका असर होगा और देश में जगह-जगह मंदिर-मस्जिद विवाद का अंत होगा। अल्लामा बुनई हसनी ने कहा, मोहन भागवत ने कहा है कि अयोध्या जैसे मसले खड़े करके अगर कोई चाहता है कि हम हिंदू नेता बन जायेंगे, तो हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। भारतीय समाज में इस बयान को अपनाने की जरूरत है। ये बयान भारत के सभी समाज में पहुंचाये जायें, ताकि देश में अमन-चैन बना रहे। वहीं ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की प्रतिक्रिया भी सामने आयी है। उन्होंने इस बयान का समर्थन किया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि मोहन भागवत के बयान का हम स्वागत करते हैं। हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ़ना सेहतमंद मुल्क के लिए अच्छा नहीं है। मोहन भागवत एक संजीदा और अच्छे इंसान हैं। उन्होंने इस नजाकत को समझा है, क्योंकि इस तरह के मुद्दे से मुल्क का माहौल खराब होता है। मंदिर-मस्जिद के नाम पर हमें खून-खराबा नहीं करना चाहिए। मोहन भागवत के बयान का सरकार को समर्थन करना चाहिए।



### संत समाज नाराज

संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद विवादों को उठाने को अस्वीकार्य बताने पर साधु-संतों ने नाराजगी जतायी है। कई संतों ने उनके बयान का विरोध करते हुए धर्म को लेकर आरएसएस की भूमिका पर सवाल उठाये हैं। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जो लोग आज कह रहे हैं कि हर जगह मंदिर नहीं खोजना चाहिए, इन्हीं लोगों ने तो बात बढ़ायी है और बढ़ा कर सत्ता हासिल कर ली। अब सत्ता में बैठने के बाद कठिनाई हो रही है। अब कह रहे हैं कि ब्रेक लगाओ। जब आपको जरूरत हो, तो आप गाड़ी का एक्सीलेटर दबा दो और जब आपको जरूरत लगे, तो ब्रेक दबा दो। ये सुविधा की बात हो गयी। न्याय की जो प्रक्रिया है, वो सुविधा नहीं देखती। वो ये देखती है कि सच्चाई क्या है। वहीं स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि ये मोहन भागवत का व्यक्तिगत बयान हो सकता है। ये सबका बयान नहीं है। वो किसी एक संगठन के प्रमुख हो सकते हैं, हिंदू धर्म के वो प्रमुख नहीं हैं कि हम उनकी बात मानते रहें। वो हमारे अनुशासक नहीं हैं। हम उनके अनुशासक हैं। रामभद्राचार्य ने कहा, हिंदू धर्म की व्यवस्था के लिए वो ठेकेदार नहीं हैं। हिंदू धर्म की व्यवस्था हिंदू धर्म के आचार्यों के हाथ में हैं, उनके हाथ में नहीं हैं। वो किसी एक संगठन के प्रमुख बन सकते हैं, हमारे नहीं हैं। संपूर्ण भारत के वो प्रतिनिधि नहीं हैं। हमारा ध्यान सदैव धर्म के अनुशासन और सत्य पर रहता है। जहां-जहां हिंदू धर्म के प्रमाणित स्थल हैं, वहां हमारी उपस्थिति होगी। जहां भी प्राचीन मंदिरों के प्रमाण उपलब्ध होंगे, हम उन्हें दोबारा स्थापित करने का प्रयास करेंगे। यह हमारे लिए कोई नयी कल्पना नहीं है, बल्कि सत्य के आधार पर हमारी संस्कृति और धर्म का संरक्षण है।

### मथुरा और काशी हमें सौंप दें : विश्व हिंदू परिषद

**पूरे देश में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने का अभियान चलायेंगे**

विश्व हिंदू परिषद के नेता सुरेंद्र जैन का भी इस पर बयान आया है। उन्होंने सीधे तौर पर मोहन भागवत के बयान को लेकर ऐतराज तो नहीं जताया, लेकिन यह जरूर कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने भारत में लाखों मंदिरों को तोड़ा और उन पर मस्जिद बनायी। उन्होंने कहा कि आज जो समस्या समाज में खड़ी है, वह भी मुस्लिम समाज की ही देन है। उन्होंने कहा कि संत समाज ने राम मंदिर आंदोलन के दौरान ही मुस्लिम पक्ष से कहा था कि आप हमारे तीन स्थानों अयोध्या, मुथरा और काशी को सौंप दें। हम अन्य सभी दावों को छोड़ देंगे। वीएचपी के नेता ने कहा कि अयोध्या में मंदिर तो हमारी लंबी कानूनी लड़ाई के बाद बना था। यह तब हुआ, जब मुस्लिम समाज ने हमारे उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हम तो अब भी कहते हैं कि वे मथुरा और काशी आराम से हमें सौंप दें। यदि वे ऐसा करते हैं, तो फिर हम अपने समाज के जागृत वर्ग को भी समझाने का प्रयास करेंगे। लेकिन इस तरह की स्थिति में तो हम उन्हें नहीं समझा सकेंगे। विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि हम एक आंदोलन चलायेंगे। पूरे देश में हम मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए अभियान चलायेंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में कोई चर्च या फिर मस्जिद नहीं है, जो सरकारी नियंत्रण में हो। फिर भी मंदिरों को ट्रस्ट के नाम पर सरकारी नियंत्रण में रखा गया है। हम इस बात से सहमत नहीं है। इसके लिए अभियान चलाने की हमने तैयारी कर ली है।

### आरएसएस के अंग्रेजी और हिंदी मुखपत्र के विचारों में अंतर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। 'पांचजन्य' ने संपादकीय में लिखा कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए मंदिरों का प्रचार कर रहे हैं और खुद को हिंदू विचारक के रूप में पेश कर रहे हैं। 'पांचजन्य' ने संपादकीय 'मंदिरों पर यह कैसा दंगल' में लिखा है कि मंदिरों का राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। इसे राजनीति का हथियार नहीं बनाना चाहिए। भागवत का बयान गहरी दृष्टि और सामाजिक विवेक का आह्वान है। मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में कहा था कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इस तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। हर दिन एक नया मामला उठाया जा रहा है। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है? भारत को दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। 'पांचजन्य' में लिखा है कि एक स्पष्ट बयान के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। हर दिन नयी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं में स्वतःस्फूर्त सामाजिक राय की बजाय 'सोशल मीडिया विशेषज्ञों द्वारा उत्पन्न किया गया कोहराम और उन्माद' अधिक दिखाई देता है। संपादकीय में कहा गया कि भागवत का बयान समाज से इस मुद्दे के प्रति समझदारी भरा रुख अपनाने का स्पष्ट आह्वान है। हालांकि आरएसएस के अंग्रेजी मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' ने मोहन भागवत से अलग राय रखी थी। पत्रिका ने इसे ऐतिहासिक सच जानने और सभ्यतागत न्याय की लड़ाई कहा था। 'ऑर्गेनाइजर' ने संपादकीय में लिखा था कि सोमनाथ से लेकर संभल और उससे आगे का ऐतिहासिक सत्य जानने की यह लड़ाई धार्मिक वर्चस्व के बारे में नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान की पुष्टि करने और सभ्यतागत न्याय की लड़ाई है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हालिया चर्चित बयान

### धर्म का अधूरा ज्ञान, अधर्म करवाता है

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि धर्म को समझना बहुत कठिन है। धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार गलतफहमी और धर्म की समझ की कमी के कारण हुए।

### इंसान पहले सुपरमैन, फिर भगवान बनना चाहता है

प्रगति का कोई अंत नहीं है। इंसान पहले सुपरमैन, फिर देवता और उसके बाद भगवान बनना चाहता है, लेकिन अभी यह नहीं समझना चाहिए कि बस अब हो गया। उन्हें लगातार काम करते रहना चाहिए, क्योंकि विकास का कोई अंत नहीं है। कांग्रेस ने भागवत के इस बयान को पीएम मोदी के लिए बताया था।

### मर्यादा का पालन करें, अहंकार न करें

जो अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मर्यादा की सीमाओं का पालन करता है, जो अपने काम पर गर्व करता है, फिर भी अनासक्त रहता है, उसमें अहंकार नहीं होता है। ऐसा व्यक्ति वास्तव में सेवक कहलाने का हकदार है।

### तीन बच्चे पैदा करने चाहिए

समाज नष्ट न हो, इसलिए सभी को कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है। देश की जनसंख्या नीति 1998-2002 में तय की गयी थी। इसके मुताबिक जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो समाज अपने आप नष्ट हो जायेगा। अब कोई इंसान 0.1 पैदा तो नहीं होता। इसलिए यह कम से कम तीन होना चाहिए।

### मणिपुर जल रहा, इस पर कौन ध्यान देगा

एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है। इससे पहले 10 साल शांत रहा और अब अचानक जो कलह वहां पर उपजी या उपजायी गयी, उसकी आग में मणिपुर अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है। इस पर कौन ध्यान देगा? प्राथमिकता देकर उसका विचार करना यह कर्तव्य है।

### पंडितों ने जाति बना कर बांटा

जाति भगवान ने नहीं बनायी है, जाति पंडितों ने बनायी, जो गलत है। भगवान के लिए हम सभी एक हैं। हमारे समाज को बांटकर पहले देश में आक्रमण हुए, फिर बाहर से आये लोगों ने इसका फायदा उठाया।

### आरएसएस हमेशा आरक्षण के पक्ष में

संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिये जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि संघ का मानना ??है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए। भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों के बाद कही।

### मांसाहार नहीं होगा, तो कत्लखाने खुद ही बंद हो जायेंगे

मांसाहार से पानी की खपत बढ़ती है, लेकिन अब उसकी इंड्रस्ट्री हो गयी, कत्लखाने हो गये। उसमें होने वाले प्रोसेस में तो अनाप-शनाप पानी खर्च होता है। प्रदूषण भी बढ़ता है। यदि मांसाहार नहीं होगा, तो कत्लखाने खुद ही बंद हो जायेंगे।

### मुकाबला झूठ पर आधारित न हो

जब चुनाव होता है, तो मुकाबला जरूरी होता है। इस दौरान दूसरों को पीछे धकेलना भी होता है, लेकिन इसकी एक सीमा होती है। यह मुकाबला झूठ पर आधारित नहीं होना चाहिए। जो मर्यादा का पालन करते हुए कार्य करता है, गर्व करता है, किंतु लिप्त नहीं होता, अहंकार नहीं करता, वही सही अर्थों मे सेवक कहलाने का अधिकारी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.4 °c | 6.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |








मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री चमरा लिंडा, विधायक मथुरा महतो और डीजी होमगार्ड अनिल पालटा ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशीलता

# कैमरून से 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी

**तीन समूह में हुई श्रमिकों की वापिस, नियोजकों के खिलाफ हुई कार्रवाई**

**श्रमिकों को योजनाओं से भी जोड़ने का आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 8 श्रमिक 3 जनवरी 2025 की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फंसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर 2024 को हुई थी, इसके बाद गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं लेकिन ये सभी शुक्रवार की सुबह झारखंड पहुंचेंगे।

झारखंड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में मेसर्स ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड के माध्यम से अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किये जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। प्राप्त शिकायत के आधार पर सचिव एवं श्रमायुक्त के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज किया है। कंट्रोल रूम की टीम लगातार इ-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया।

**श्रमिक भाइयों को योजना से जोड़ें**

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की वापसी के बाद विभागीय सचिव को इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के उपरांत सभी संबंधित श्रम अधीक्षक श्रमिकों का विवरण प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

# प्राथमिकी समेत निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही को किया निरस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** किसान आंदोलन के हितों को लेकर आंदोलन को लेकर वर्ष 2021 में कांके थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश की क्वैशिंग याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई।

मामले में हाइकोर्ट ने दीपक प्रकाश के खिलाफ कांके थाने में दर्ज प्राथमिकी एवं उनके खिलाफ एमपी/ एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही को निरस्त कर दिया।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राहुल कुमार ने कोर्ट को बताया कि द्वेषपूर्ण तरीके से दीपक प्रकाश के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया कराया गया है। किसानों के हितों को लेकर किये गये आंदोलन को लेकर जो प्राथमिकी दर्ज की गयी है, उसमें कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है।

दरअसल, मामले में पूर्व में रांची की निचली अदालत मे कांके में किसान के हितों को लेकर आंदोलन में शामिल रहे भाजपा सांसद दीपक प्रकाश, तत्कालीन कांके विधायक समरी लाल सहित 16 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित किया था।

**क्या है मामला**

यह मामला जून 2021 का है, जब अंचल निरीक्षक कांके अंचल के लिखित आवेदन पर कांके थाना में दीपक प्रकाश, समरी लाल सहित 75-80 अन्य पर केस दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आरोप है की भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, तत्कालीन कांके विधायक समरी लाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन कर कई मांग की थी, जिसमें उन्होंने किसानों का ऋण माफ हो, फसल की उचित कीमत मिले, बीज की उपलब्धता को राज्य सरकार उपलब्ध कराए आदि बातों का उल्लेख किया था। मामले को लेकर कांके थाने में कांड संख्या 141/ 2021 दर्ज किया गया था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे। जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।

**कर्क** आज ग्रहयोग आपके पक्ष में नहीं है। परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा।

**धनु** विशिष्ट कार्य सिद्धि, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा,लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# झारखंड कैडर के पंकज कंबोज समेत चार आइपीएस केंद्र में आइजी रैंक के पैनल में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैडर के 2006 बैच के तीन आइपीएस अधिकारियों को केंद्र में आइजी रैंक के पैनल में शामिल किया गया है। इनमें इनमें 2005 बैच के आइजी प्रोविजन पद पर पदस्थापित पंकज कंबोज, बोकारो जोनल आइजी माइकल राज एस, आइजी ट्रेनिंग ए विजया लक्ष्मी और अनूप टी मैथ्यू शामिल हैं।



अनूप टी मैथ्यू वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

**देशभर के 71 आइपीएस आइजी रैंक में हुए इंपैनल :** केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पूरे देश के 2006 बैच के आइपीएस अधिकारियों के लिए आइजी एवं आइजी समानांतर पद पर इंपैनल करने का विचार किया था। इसके तहत देशभर के अलग-अलग राज्यों के कुल 71 आइपीएस आइजी रैंक में इंपैनल हुए। इनमें झारखंड कैडर के 2006 बैच के चार आइपीएस अधिकारी भी शामिल हैं।

# सीयूजे में सोशल मीडिया पर वर्कशॉप 17 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में 10 दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन होगा। 17 से 28 जनवरी तक चलने वाली इस वर्कशॉप का विषय सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएशन है। सीयूजे और झारखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लगेगा। रजिस्ट्रेशन गूगल फॉर्म से आठ जनवरी तक करा सकते हैं। यह वर्कशॉप पूरी तरह से आवासीय है। खाने और रहने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही कुल 50 सीट निर्धारित हैं। वर्कशॉप के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ क्षिति भूषण दास हैं।

# जल्द मिलेगा पारा शिक्षकों को बढ़ा हुआ मानदेय

**रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के 59 हजार पारा शिक्षकों को जनवरी से 4% बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा। स्कूली शिक्षा विभाग ने अगले तीन साल यानि 2027 तक के लिए बढ़ोतरी की राशि तय कर दी थी। जनवरी 2025 से छठी से आठवीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 25,200 रुपये मिलेंगे। पहली से पांचवीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 23,530 रुपये मिलेंगे, जबकि सिर्फ प्रशिक्षित शिक्षकों छठी से आठवीं तक को 20,384 रुपये मिलेंगे। आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों को 21,788 रुपये और सिर्फ प्रशिक्षित वर्ग कक्षा एक से पांच के पारा शिक्षक को 18,816 रुपये और इस कैटेगरी में आकलन परीक्षा पास करने वालों को 20,112 रुपये मिलेंगे।**

# कांग्रेस भवन में डॉ मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

### विस से पूर्व पीएम को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। इस सर्वधर्म प्रार्थना सभा में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप बलमुचू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए पार्टी नेताओं द्वारा सर्वधर्म समभाव प्रार्थना और 02 मिनट का मौन रखा गया। इस सभा में वक्ताओं ने कहा कि देश जब आर्थिक संकट से झेल रहा था, तब ग्लोबल मंदी से निकाल कर देश को आर्थिक ताकत बनाने में डॉ। मनमोहन सिंह की अहम भूमिका रही। इसलिए मनमोहन सिंह को भारत रत्न मिलना चाहिए। झारखंड विधानसभा भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित करे सरकार

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि डॉ। मनमोहन सिंह न सिर्फ एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति और सफल प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे एक महान अर्थशास्त्री भी थे, ऐसे में जिस तरह तेलांगना सरकार ने विधानसभा से प्रस्ताव पास करा कर स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की मांग की है। इसी तरह से झारखंड सरकार को पहल करके विधानसभा से प्रस्ताव पारित करा कर केंद्र को भेजे ताकि डॉ मनमोहन सिंह को भारत रत्न मिले।

स्वर्गीय मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जितने सॉफ्ट थे। वहीं देश हित के लिए फैसले लेने में वह उतने ही कठोर हो जाते थे। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक मंदी से निकाल कर विकास की राह पर ले जाने में डॉ मनमोहन सिंह की भूमिका अहम रही।

# झारखंड भाजपा ने एक समर्पित और सेवाभावी कार्यकर्ता को असमय खो दिया : रविंद्र कुमार राय

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरविंदर सिंह सेठी का पार्थिव शरीर लाया गया, दी गयी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे दिवंगत नेता स्व. गुरविंदर सिंह सेठी का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए लाया गया। प्रदेश कार्यालय में शव वाहन पहुंचते ही उपस्थित कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गयीं। सब के चहेते गुरविंदर सिंह के असमय निधन पर कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने भाजपा का ध्वज स्वं गुरविंदर सिंह सेठी के पार्थिव शरीर पर अर्पित कर उन्हें नमन किया, पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि स्वं गुरविंदर सिंह सेठी का असामयिक निधन प्रदेश भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वं सेठी एक समर्पित और सेवाभावी कार्यकर्ता थे। लोगों के दुख दर्द में सदैव खड़े रहते थे। भाजपा के अलावा कई सामाजिक संस्थाओं से उनका जुड़ाव था। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनायी थी। भाजपा ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी, उसे उन्होंने बखूबी निभाया, नाराजगी और शिकायत उन्हें दूर दूर तक नहीं छू पाया। उन्होंने कहा कि पार्टी में स्व. सेठी जैसे कार्यकर्ता विरले मिलते हैं।

**हरमू श्मशान घाट में किया गया अंतिम संस्कार, अर्जुन मुंडा पहुंचे**

भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाद स्व. सेठी का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए हरमू स्थित श्मशान घाट लाया गया, जहां सिख परंपरा के अनुसार उन्हें उनके पुत्र अस्मित सिंह द्वारा मुखाग्नि दी गयी। हरमू श्मशान घाट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा अंत्येष्टि में शामिल हुए और स्व सेठी को श्रद्धांजलि दी। उनके पुत्र सहित परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। ढांढस बंधाया। श्री मुंडा ने कहा कि ईश्वर गुरविंदर सिंह सेठी की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को दुख की बेला में धैर्य और साहस प्रदान करें। श्रद्धांजलि देनेवालों में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, विधायक नवीन जायसवाल, आरती कुजूर, अजय मारू, ऊषा पांडेय, सुबोध सिंह गुड्डू, वरुण साहू, अमरदीप यादव, पवन साहू, शशांक राज, कमाल खान, लक्ष्मी चंद दीक्षित, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, चुन्नू मिश्रा, रौशनी खलखो, माया सिंह, मंजुलता दुबे, शोभा यादव, संदीप वर्मा, बलराम सिंह, रमेश सिंह, सूरज चौरसिया, सतीश सिन्हा, तारिक इमरान, सांवरमल अग्रवाल, हरविंदर बेदी, अरविंद खुराना, बलबीर सलूजा, रवि प्रकाश टुन्ना सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर निजी विद्यालयों को हो रही समस्याओं से अवगत कराएंगे : डॉ रामेश्वर

**पासवा ने की मान्यता संबंधी ऑनलाइन आवेदन को निरस्त करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा ने मान्यता संबंधी ऑनलाइन आवेदन को निरस्त करने की मांग की है। गुरुवार को पासवा की चतरा शाखा की जिला स्तरीय बैठक दिव्या ज्योति मॉडर्न पब्लिक स्कूल चतरा में आयोजित की गयी। बैठक में ऑनलाइन शामिल हुये पासवा के संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा है कि वे शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर निजी विद्यालयों को हो रही समस्याओं से अवगत कराएंगे। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि 2019 के संशोधन को रद्द किए बिना ऑनलाइन मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार चाहे तो विद्यालय बंद कर दे। पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने कहा कि मान्यता संबंधी प्रश्न पर किसी तरह की पीड़क कार्रवाई न करने के लिये उच्च न्यायालय द्वारा स्टे आर्डर जारी किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से या प्रस्ताव पारित किया गया कि तत्काल मान्यता के ऑनलाइन करने के आदेश को निरस्त करे सरकार जिससे झारखंड की शिक्षण व्यवस्था को बचाया जा सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में जमकर हुई खरीदारी

# 20000 हजार लोगों ने किया खादी मेला का भ्रमण, एक करोड़ रुपये की हुई बिक्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के चौदहवें दिन गुरुवार को सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। जैसे-जैसे महोत्सव के समापन की तिथि निकट आ रही है, वैसे-वैसे महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। महोत्सव में लगभग 15000 टिकट बिके एवं लगभग 20000 हजार लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्री की बिक्री लगभग 1 करोड़ रुपये की रही। महोत्सव में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल में सूती, रेशमी, उनी बंडी, कुर्ता, पजामा, ड्रेस मटेरियल, टोपी, मफलर, शॉल तथा महिलाओं के लिए उनी सलवार कुर्ती, सूती. रेशमी बंडी तथा सूती. रेशमी साड़ी, डिजिटल प्रिंटेड साड़ी, सोहराई प्रिंटेड साड़ी, म्यूरल साड़ी, सेल्फ विविंग, मधुबनी प्रिंटेड साड़ियां तथा ग्रामोद्योग उत्पाद पसंद किये जा रहे है।

रांची जिला वनवासी खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, रांची के स्टॉल में उनी वस्त्रों के विभिन्न प्रकार के थान उपलब्ध है, हरिजन आदिवासी कल्याण परिषद, कुचाई, सरायकेला-खरसावां स्टॉल में गर्म कपड़ों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गर्म चादर, शॉल उपलब्ध है, सिंहभूम खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, निमडी, चाईबासा, विकास भारती बिशुनपुर, गुमला, बंगाल का वीरभूम की खादी एवं उत्तर प्रदेश के जय मां विंध्यवासिनी महिला स्वयं सहायता समूह जैसे स्टॉल में खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योगी प्राप्त किये जा सकते है।

कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में विश्वदेव महतो एवं दल, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर- नटुवा नृत्य एवं जैनब जुबिन एवं दल, रांची- हिंदी गायन की प्रस्तुति की गयी। बच्चों के लिए आयोजित पॉपिंग बैलून एवं सोलो डांस प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गयी। पांच से नौ आयु वर्ग में प्रथम स्थान आशी, द्वितीय स्थान शाक्षी एवं तृतीय स्थान स्वेच्छा दता ने प्राप्त किया। ग्रुप बी में दस से चौदह आयु वर्ग में आद्या प्रथम स्थान, द्वितीय लावण्या एवं तृतीय जशित रंजन हुए। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में मलय कुमार साहू एवं टीम, सरायकेला-खरसावां सरायकेला छऊ नृत्य एवं रमण कुमार मिश्रा एवं दल, रांची भजन एवं गजल गायन की प्रस्तुति की जायेगी। बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग के लिए फेस पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है, महोत्सव परिसर में आकर वे पूर्वाह्न 11 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंगे।

## सात दिवसीय कार्निवल 2025 का रंगारंग समापन

# कार्निवल से युवाओं और बच्चों में मनोरंजन के साथ प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है : प्रदीप वर्मा

**देश के विकास में इसी युवा शक्ति का योगदान रहता है : डॉक्टर वर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड,मछली घर के द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्निवल 2025 का शुक्रवार को रंगारंग समारोह में समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा के सांसद डॉक्टर प्रदीप शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता वर्मा उपस्थित थी। समापन समारोह में डॉ प्रदीप वर्मा और सरिता वर्मा ने वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया। सारे वॉलिंटियर्स विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेशनल कोर्स कर रहे छात्र छात्राएं थे। लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा कि कार्निवल के आयोजन से इन युवाओं को क्लासरूम के बाहर की वास्तविक जीवन की बारीकियों को सीखने का मौका मिलता है। यही युवा शक्ति भविष्य में देश के निर्माण में अपना सार्थक योगदान देती है। डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि सात दिवसीय कार्निवल ने रांची वासियों का भरपूर मनोरंजन किया। डॉ वर्मा ने कहा एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल जैसे आयोजनों से रांचीवासियों को स्वस्थ मनोरंजन मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों के हिस्सा लेने से प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और उनका कॉन्फिडेंस का लेवल भी ऊंचा होता है। डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि कार्निवल की आयोजन टीम हर वर्ष नए-नए आकर्षक थीम को लेकर आती है। इस से कार्निवल के प्रति रांची वासियों का आकर्षण बरकरार है। इसके पूर्व एक्वा वर्ल्ड समूह के अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया।प्रतुल शाहदेव ने अतिथियों को छोटा नागपुर के पारंपरिक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विद्या झा ने किया।

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा,कार्निवल के डायरेक्टर लोकेश चौधरी,डिप्टी डायरेक्टर अभिषेक गिरी, राहुल शाह देव, कैला यादव, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, अंजली ,शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### गुरुवार का परिणाम

- बेस्ट पोज - आद्दति, कियारा,अरीब, आफ्या, निधि, स्नेहा,
- दंगल टाइम - सुनीता, इमरान
- सेल्फी टाइम - अमित

### कार्निवल के शांतिपूर्वक आयोजन के लिए रांची पुलिस का धन्यवाद : प्रतुल

एक्वा वर्ल्ड के चेयरपर्सन अतुल शाहदेव ने बताया कि 7 दिनों के कार्निवल में नए वर्ष की धूमधड़ाके के अवसर पर भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई । पूरे समय पुलिस के जवान और अधिकारी मुस्तैदी से तैनात थे।इस सफल आयोजन के लिए उन्होंने रांची पुलिस, प्रशासन एवं कार्निवल आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।

## राज्य में शराब की बिक्री में अनियमितता

# टास्क फोर्स का हुआ गठन : योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में शराब की बिक्री में हो रही अनियमितता को देखते हुए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। ये टास्क फोर्स कहीं भी कभी भी जांच कर सकती है। उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को देशी शराब उत्पादकों के साथ हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में कंट्री लिकर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के देशी शराब उत्पादकों के साथ बैठक हुई। उनकी समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढने का प्रयास किया। राज्य में आठ देशी शराब उत्पादन की फैक्ट्री है। इसमें लंबे समय से उत्पादन बाधित है। राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। वर्ष 2020-21 में 25 लाख 65 हजार 850 पेटी देशी शराब की बिक्री हुई। 2022-23 में छह लाख 95 हजार 306 पेटी की बिक्री हुई। वहीं 2023-24 में तीन लाख 24 हजार 211 पेटी की ही बिक्री हुई। निश्चित रूप से शराब की बिक्री में गिरावट आयी है। इससे रोजगार सृजन में भी कमी आयी है। उन्होंने देशी शराब उत्पादकों से कहा कि इस खपत को पूरा करें, नहीं तो दूसरे राज्यों से देशी शराब का आयात किया जायेगा। उन्होंने कहा कि देशी शराब की कीमत कम करने के उद्देश्य से नवंबर से पेट बॉटलिंग किया जा रहा है। इससे उत्पादकों को लागत कम लगेगी इसका फायदा उपभोक्ता को होगा। मंत्री ने देसी शराब की जगह अवैध देशी शराब का सेवन करने वालों को सावधान किया। उन्होंने कहा कि मॉडर्न देशी शराब दुकान खोली जायेगी।

## महाकुंभ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था

# स्टेशनों पर बनाये जा रहे ऑब्जरवेशन रूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाकुंभ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24X7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुंभ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गयी थी और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**विशेष चिकित्सा सेवाएं :** महाकुंभ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और




अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

इन कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए की गयी है कि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। प्रत्येक शिफ्ट का समय 8 घंटे होगा। महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर 24X7 चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जब भी किसी यात्री को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होगी, तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही, रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय बनाये रखेगा, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी मरीज को तुरंत रेफर किया जा सके।

भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और यादगार बनाना है। रेलवे द्वारा की गयी स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक रहेगी। रेलवे प्रशासन ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था की है।

### स्टेशन पर चिकित्सा स्टाफ की तैनाती

प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किये गये हैं, जहां निम्नलिखित स्टाफ तैनात रहेगा।

- स्टाफ नर्स : 15
- फार्मासिस्ट: 12
- हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए): 12
- हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए): 15

### आधुनिक चिकित्सा उपकरण

ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे:

- ईसीजी मशीन: हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए।
- डिफि ब्रिलेटर: दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए।
- ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर: ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए।
- ग्लूकोमीटर: रक्त शर्करा की माप करने के लिए, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### नागपुरी के अधरतिया राग सम्राट गोविंद शरण लोहरा का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिले के इटा गाँव स्थित आवास में 70 वर्षीय नागपुरी लोक कलाकार गोविंद शरण लोहरा का निधन हो गया। 5 मई 1955 को इटा गाँव में जन्मे स्वर्गीय लोहरा लम्बे समय से लकवाग्रस्त थे। उनके निधन से पूरा नागपुरी समाज शोकाकुल है। रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नन्द तिवारी, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ राम कुमार गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से नागपुरी समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लोहरा गायन को सिर्फ मनोरंजन तक ही सीमित नहीं मानते थे, बल्कि समाज के हर पहलू और समस्या को गीत के माध्यम से जन जन तक पहुँचाने का काम किया। वे नागपुरी गीत लेखन, गायन, वादन और नृत्य में पारंगत थे। बता दें कि उन्होंने 450 से भी गीतों की रचनाएँ की और खुद गाया भी। इनके जीवन और रचनाओं पर राम लखन सिंह यादव कालेज के प्राध्यापक डॉ राम कुमार ने अपना पीएचडी शोध भी प्रस्तुत किया है। आकाशवाणी, दूरदर्शन के अलावा देश व विदेश में भी स्वर्गीय लोहरा ने नागपुरी गीत संगीत का लोहा मनवाया है। आज दोपहर उनका अंतिम संस्कार उनके गाँव में ही किया जायेगा।

### महाप्रबंधक ने दीघा ब्रिज हॉल्ट-भगवानपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरुवार को दीघा ब्रिज हॉल्ट-भगवानपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रेल मार्ग में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया । महाप्रबंधक द्वारा भगवानपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म, स्टेशनों की साफ सफाई सहित यात्री सुविधा एवं रेल संरक्षा से जुड़े पहलुओं का मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### डॉ भावना कुमारी ने एनसीसी में पूरी की 90 दिनों की ट्रेनिंग



रांची (आजाद सिपाही)। आरएलएसवाई कॉलेज रांची कोकर की दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष और राष्ट्रीय कैडेट कोर (डायरेक्टर बिहार एंड झारखंड 3 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची) की इंचार्ज डॉ भावना कुमारी ने एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी ग्वालियर में 90 दिनों की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत एवीएसएम, जनरल आफिसर कमांडिंग मध्य भारत द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉ भावना कुमारी की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विष्णु चरण महतो, पीआई स्टाफ, डॉ सुबोध कुमार दास और बड़ा बाबू सुनील कुमार के साथ अन्य शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

# पांच जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार का आयोजन

## 33 खेल प्रतिभाओं को मिलेगा पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में खेल प्रतिभाओं को सम्मानित करने और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा आगामी 5 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन रांची के आड्रे हाउस में होगा, जहां राज्य के 33 उत्कृष्ट खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया जायेगा। इस संबंध में गुरुवार सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की गयी। फाउंडेशन के सदस्य रितेश उरांव ने बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को पहचान और प्रोत्साहन देना है, जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का नाम रोशन किया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू खलको ने कहा कि हमारी योजना गांव-गांव जाकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सामने लाने और उनकी जरूरतों को सरकार तक पहुंचाने की है। वहीं संस्था के खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा ने कहा कि झारखंड में खेलों की अपार संभावनाएं हैं, और हमारी संस्था इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार प्रयासरत है। फाउंडेशन की महिला विंग की केंद्रीय अध्यक्ष संगीता तिर्की ने कहा कि हमारी महिला खिलाड़ियों ने न केवल राज्य बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उम्मीद फाउंडेशन महिलाओं को खेल के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर आयोजित यह समारोह खिलाड़ियों और कोचों के सम्मान का प्रतीक है। यह हमारे खेल जगत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### इन खिलाड़ियों को मिलेगा सम्मान

सम्मानित किये जाने वाले खिलाड़ियों में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत, ब्यूटी डुंगडुंग, हॉकी में संगीता कुमारी, बाबूलाल हेंब्रम, मनीष मुंडा, अभिषेक लकड़ा, आलोक लकड़ा, शीला कुमारी स्नेहा थापा जैसे नाम शामिल हैं। साथ ही, इन खिलाड़ियों को तैयार करने वाले कोच को भी सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर शंकर दुबे,विनोद तिर्की, अनिरुद्ध पांडेय, अनिल मिश्रा, महेंद्र खलखो अजय करकेटा, अभिषेक मिश्रा, मुकेश भगत, सूरज टोप्पो, पंकज कुशवाहा, विक्की करमाली, अनिरुद्ध पांडेय, स्मिता तिर्की, अक्षय तिवारी, विशाल भारद्वाज और मुन्ना टोप्पो सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### कैबिनेट की बैठक सात जनवरी को

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य कैबिनेट की बैठक सात जनवरी मंगलवार को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक शाम 4:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन में प्रारंभ होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाएंगे। कैबिनेट की बैठक संबंधी आदेश मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने जारी कर दिया है।

### जेवर दुकान में 10 लाख की चोरी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित श्री कृष्णा ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना एक जनवरी की देर रात की है। जेवर दुकान के मालिक गोपाल सोनी ने बताया कि चोरों ने 10 से 15 लाख रुपए के गहने चोरी कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि चोर दुकान के पीछे वाली दीवार को काटकर अंदर घुसे थे और तिजोरी को तोड़कर उसमें रखा सारा गहना लेकर फरार हो गए। दुकान में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ था लेकिन चोर डीवीआर और सीसीटीवी कैमरा दोनों उखाड़ कर अपने साथ लेते चले गए। जेवर दुकान के बगल स्थित एक दुकान में भी चोरी की है लेकिन उनके हाथ कुछ विशेष लगा नहीं। हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा और डोरंडा थाने की टीम मौके पर पहुंची है। मौके पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग पुलिस को हाथ नहीं लगा है।

# शैक्षणिक तकनीकी से प्रशिक्षु शिक्षक होंगे मजबूत: डॉ रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन में नूतन वर्ष 2025 के वषारंभ के साथ की शैक्षणिक गुणवत्ता, महाविद्यालयीन सुंदरता, गतिविधि आधारित कार्य, संगोष्ठी, कार्यशाला, सेमिनार आदि पर सभी प्राध्यापकों डॉ जाकिर, डॉ ओम प्रकाश, डॉ चंद्रमाधव, डॉ मजहरूल, डॉ रितेश, डॉ ओम प्रकाश तिवारी,प्रो समीर, प्रो दुलाल,प्रो राकेश, प्रो धनंजय, प्रो भागीरथ प्रो पंकज के साथ बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा ने सभी शिक्षकों का मुंह मीठा करा कर किया। विक्षितभारत @2047 को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे नई तकनीक से हमे स्वयं जुड़ना ओर जोड़ना होगा।वर्ष 2025 में महाविद्यालय का भाषा साहित्य एवं विज्ञान विभाग भाषा की उत्पति, संस्कृत संभाषण सप्ताह जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगा साथ ही प्रशिक्षु शिक्षकों के कलात्मक विकास के लिए पेंटिंग, बागवानी नाटक, संगीत, कंप्यूटर, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन गतिविधियां आयोजित करेगा। विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के लिए भी प्रशिक्षुओं के माध्यम से गतिविधियां होगी। सभी शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक एक सतत सक्रिय रहने वाला राष्ट्र निमार्ता होता है। वर्ष 2025 सक्रियता एवं स्वत्व को समर्पित रहेगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण झा ने यह भी कहा कि हम सभी अपने कार्य के प्रति सजग, सक्रिय हैं।बैठक में सभी शिक्षक सहित शिक्षकेतर कर्मचारी ममता उपस्थित रहीं।

## हजारीबाग के नये एसडीओ बने राजकिशोर प्रसाद

# अशोक कुमार से गाड़ी और बॉडीगार्ड वापस लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/हजारीबाग।** एलआरडीसी राज किशोर प्रसाद ने सदर एसडीओ का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह पदभार स्वत ग्रहण किया है। हजारीबाग के वरीय पदाधिकारी के आदेश के बाद उन्होंने नियम 202 के तहत पदभार लिया है। अब हजारीबाग के एसडीओ राजकिशोर प्रसाद बन गए हैं। हजारीबाग में यह पहला ऐसा मामला है कि स्वतः एसडीओ को पदभार लेना पड़ा हो। हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार सिंह से उनके बॉडीगार्ड वापस ले लिया गया है। वहीं, जो सरकारी गाड़ी उन्हें दी ग्यी थी वह भी वापस ले ली गयी है। 30 दिसंबर तक उन्हें बॉडीगार्ड और गाड़ी दी गयी थी। जैसे ही उनका तबादला हुआ वैसे ही बॉडीगार्ड और गाड़ी वापस ले ली गयी है। आमतौर पर जब किसी व्यक्ति के ऊपर आरोप लगता है तो पुलिस उससे पूछताछ पुलिस करती है, लेकिन अशोक कुमार से पूछताछ अब तक नहीं की गयी है। एफआइआर दर्ज होने के पहले बोकारो में फर्द बयान दर्ज कराया गया था। फर्द बयान के बाद किसी भी तरह की पूछताछ नहीं की गयी है। 30 दिसंबर को ही झारखंड सरकार कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से उनका तबादला कर दिया गया था। उन्हें प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान देने का आदेश निर्गत किया गया है। आमतौर पर यह देखा गया है कि जब भी पदाधिकारी का हस्तांतरण होता है, तो वह अपना पदभार देखकर जाते हैं, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ है। हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर संगीन आरोप लगे हैं कि उन्होंने अपनी पत्नी अनीता देवी को जलाकर मार दिया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इस बाबत जानकारी दी है कि अब तक कोर्ट से उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रार्थना नहीं की गयी है। अब तक जांच की प्रक्रिया जारी है। ठोस नतीजा पहुंचने के बाद ही कदम आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है, जो भी व्यक्ति दोषी है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। यह घटना हजारीबाग समेत पूरे राज्य भर में सुर्खियों में है। भारतीय जनता पार्टी इसे मुद्दा भी बना रही है। बरही विधायक मनोज यादव ने इस घटना को लेकर विरोध दर्ज किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की पूरी जांच होनी चाहिए? जो दोषी है उसे कड़ी सजा मिले।

# पुलिस ने चोरी के 31 मोबाइल बरामद किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम मासूम बच्चों देते हैं। पहले इन्हें गिरोह की ओर से ट्रेनिंग दी जाती हैं। इसके बाद रांची की सकड़ों पर इन मासूम बच्चों को चोरी के लिए छोड़ दिया जाता हैं। यहीं तक ऐसे बच्चे सीमित नहीं रहते हैं, बल्कि इनसे भीख मंगवाने का काम भी करवाया जाता था। दरअसल लालपुर पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया हैं, जो मासूम बच्चों से चोरी और भीख मंगवाने का काम कराया करता था। इस मामले में लालपुर पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया हैं। वहीं दो बच्चों को रेस्क्यू भी किया गया है।

इस पूरे मामले का कनेक्शन साहिबगंज के तीन पहाड़ी कस्बा से जुड़ा हुआ हैं। इस कस्बे में रहने वाले कुछ लोग पेशवर चोरी के धंधे से जुड़े हुये हैं। शहर में मेला, रैली समेत अन्य आयोजन पर इनकी नजर रहती हैं। इस तरह के कार्यक्रम होने पर ग्रुप मुस्तैद हो जाती हैं, जहां इन छोटे-छोटे बच्चों से मोबाइल चोरी करने का काम लिया जाता हैं।

दरअसल लालपुर थाना क्षेत्र में खादी मेला चला रहा हैं। जहां मोबाइल चोरी के आरोप में एक 14 साल का नाबालिग को कुछ लोगों ने पकड़ा था। इसके बाद उक्त बच्चे को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जब उस बच्चे से पुलिस ने पूछताछ की तब कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। इस बाबत रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जनकारी दी।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि साहिबगंज के तीन पहाड़ में मासूम बच्चों से चोरी करने को लेकर ट्रेनिंग दी जाती हैं। जब वे ट्रेड हो जाते है फिर उन्हें रांची लाकर उन से ही चोरी करवाया जाता हैं। बच्चों के साथ-साथ उनके मां और पिता को भी चोरी में हिस्सा दिया जाता था। उन्होंने बताया कि तीन पहाड़ी गिरोह में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। यह गिरोह इस प्रकार से काम करता है कि पहले पॉकेट से मोबाइल चोरी कर तुरंत बाद बाहर खड़े पुरुष सदस्यों को इसे दे देता हैं। अगर गिरोह के कोई बच्चे शक के आधार पर पकड़े भी जाते है, तो उनके पास से कुछ नहीं मिलता। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया जाता था।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि बच्चों को रांची में सुखदेव नगर और हेहल क्षेत्र में किराए के मकान पर रखा जाता था। जहां गिरोह के सदस्य इन से चोरी करने के साथ-साथ भीख मांगवाने का काम भी कराया करते थे। गिरोह का सरगना साहिबगंज का रहने वाला शिवजी महतो और देव हैं।

बच्चे से मिली जानकारी के बाद रांची पुलिस की टीम ने शिवजी महतो के ठिकाने पर छापेमारी की। जहां से पुलिस को चोरी के 31 मोबाइल बरामद किये हैं। इसके साथ ही पुलिस ने दो मासूम बच्चों को रेस्क्यू कर सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया हैं। वहीं, तीसरा नाबालिग 14 साल से अधिक उम्र का था। इसके वजह से उसे बाल सुधार गृह भेजा गया हैं। उन्होने ने बताया कि पुलिस ने गिरोह का सरगना शिवजी महतो को गिरफ्तार कर लिया हैं, जबकि दूसरा आरोपी की तलाश जारी हैं।

# हाइकोर्ट ने लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन और सूचना आयुक्तों, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर सरकार से मांगा अपडेट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्तों और सूचना आयुक्त के पद नियुक्ति के संबंध में राज्य सरकार से 5 फरवरी 2025 तक अपडेट जानकारी मांगी है। इसके अलावा जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में भी कोर्ट ने सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। इससे पहले सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया गया कि मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन और सूचना आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। झारखंड में अभी नयी सरकार का गठन हुआ है, नेता प्रतिपक्ष के संबंध में भी नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। राज्य सरकार की ओर से इन संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के संबंध में वर्तमान स्टेटस बताने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। दरअसल, पूर्व की सुनाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद 3 से 5 साल से खाली पड़े हैं, लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है, इसे जल्द भर जाये। बता दें कि राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई।

## आदिम जनजाति और अन्य से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

# आदिम जनजाति परिवारों का सरकारी बंदोबस्ती और वनपट्टा निर्गत करने का प्रस्ताव भेजें: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आदिम जनजाति और अन्य से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में आदिम जनजाति परिवारों का सर्वे कार्य, बनाये गये संबंधित सभी प्रकार के सर्टिफिकेट, डाकिया योजना, आवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में जो सर्वे करायें गये है उसका उद्देश्य आदिम जनजाति परिवारों को शत प्रतिशत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना है। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से एक एक कर आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का मिल रहे लाभ की जानकारी ली। आदिम जनजाति परिवार पेंशन योजना के लिए पात्रता रखने वाले उक्त योजना समेत अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित करने हेतु आधार कार्ड, जातीय, आवासीय समेत अन्य उपयोगी दस्तावेज प्राथमिकता के आधार पर बनाने का निर्देश दिया गया। जिनका आधार कार्ड बना हुआ है और खो चुका है जिसके कारण वो योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जा रहें है वैसी स्थिति में संबंधित लोगों के साथ समन्वय बनाते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। शिक्षा पदाधिकारी को आदिम जनजाति परिवार के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु बच्चों के माता पिता के साथ बैठक करने और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कस्तूरबा विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में बच्चों का पाठन हेतु बच्चों का नामांकन कराना सुनिश्चित करने, और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल वितरण योजना की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी अंचल अधिकारी को आदिम जनजाति परिवार जो 2005 से पहले से वन भूमि में रह रहें है उसका वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन पट्टा निर्गत करने हेतु प्रस्ताव अनुमंडल स्तरीय वना अधिकार समिति को उपलब्ध करायें। अगर गैर मजरूआ भूमि पर रह रहें हैं तो सरकारी बंदोबस्ती का प्रस्ताव संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंड के सबसे बड़े राधाकृष्ण मंदिर का उद्घाटन 5 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग, कटहल मोड़ रोड (रांची) में झारखंड के सबसे बड़े राधाकृष्ण मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को होगा। साथ ही श्री राजश्यामाजी (राधा कृष्ण) मंदिर की पूजा पधरावणी (प्राण प्रतिष्ठा) का कार्यक्रम भी होगा। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने महाराजा अग्रसेन भवन में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बताया कि श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभारंभ 5 जनवरी को सुबह 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर प्रणामी समाज के 20 संत-महात्मा उपस्थित रहेंगे। वृंदावन से संत शिरोमणि डॉ स्वामी सदानंद महाराज एवं सिलीगुड़ी से परम पूज्य मोहन प्रियाचार्य महाराज के सानिध्य में संपूर्ण पूजन अनुष्ठान होगा। शहर के 1500 से भी अधिक गणमान्य लोग भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। इसमें झारखंड के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी भक्तगण पधार रहे हैं। इस पूजा पधरावणी के मुख्य यजमान सरिता-विजय अग्रवाल (सुपुत्र विद्या देवी अग्रवाल, स्व. दौलत राम अग्रवाल) होंगे। 5 जनवरी से ही यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जायेगा। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सौजन्य से श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर बना है। इस मंदिर का निर्माण 7 वर्षों में पूरा हुआ है। लगभग 30 डिसमिल भूखंड पर मंदिर का निर्माण किया गया है जिसकी ऊंचाई 40 फीट और लंबाई 80 फिट है। निर्माण 3500 वर्ग फीट में किया गया है। राजस्थान के संगमरमर सफेद पत्थर एवं टाइल्स से यह मंदिर बना है। यह झारखंड में सबसे बड़ा श्रीराधा कृष्ण का मंदिर है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत काल तक की झांकियां दिखायी गयी है। मंदिर के मुख्य द्वार के ऊपर गोवर्धन पर्वत उठाए भगवान श्रीकृष्ण की वृहद प्रतिमा है तो दूसरे द्वार में भगवान श्रीकृष्ण की गोपियां के संग रासलीला करती प्रतिमाएं हैं। मंदिर में ग्रंथ भगवान के वस्त्र, मुकुट, मुरली, आदि की पूजा की जायेगी। मंदिर के पहले तल्ले पर सद्गुरु कृपा अपना घर सत्य प्रेम सभागार बनाया गया है। इसमें मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रय और दिव्यांग प्रभुजी की सेवा की जाती है। उनके लिए आश्रय के अलावा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सिर्फ सेवा कार्य करना है। समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा गरीबों को कंबल वितरण, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, तथा अन्य कई जन कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं।

मंदिर परिसर में विगत 182 सप्ताह से लगातार प्रत्येक रविवार को निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह 1000 से 1500 लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है। मंदिर के शुभारंभ एवं श्री राज श्यामा जी की पूजा पधरावनी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा होगा। इसमें परमहंस संत शिरोमणि श्री सदानंद जी महाराज श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा तथा श्री मोहन प्रियाचार्यजी महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य महात्माओं के द्वारा दिव्य प्रवचन होगा। 5 जनवरी से 8 जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा वाणी चर्चा होगी।

इस मौके पर मनीष जालान, सुरेश चौधरी, नवल अग्रवाल चिरंजी लाल खंडेलवाल, वेंकट गाड़ोदिया, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, अजय खेतान, ओम सरावगी, अमित पोद्दार, अशोक लाठ, गोविंद अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, जयप्रकाश मित्तल, दीपक चौधरी, नंदू चौधरी, मनीष सोनी, दीपेश निराला, नितिन मोदी, निर्मल छावनिका, प्रभास गोयल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, मोहनलाल खंडेलवाल, विष्णु सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन ने बांटे कंबल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई द्वारा गुरुवार को जमशेदपुर के स्थापना दिवस पर डोर टू डोर कचड़ा उठाव करने वाले सफाईकर्मियों और घरों में झाड़ू पोंछा का काम करने वाली जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। विदित हो कि दो जनवरी 1919 को इस शहर का नाम साकची से बदलकर जमशेदपुर और कालीमाटी रेलवे स्टेशन का नाम टाटा नगर किया गया था। इस मौके पर झारखंड प्रदेश वीरांगना की संरक्षक प्रभा सिंह के नेतृत्व में साऊथपार्क, बिष्टुपुर में एक कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया।

आयोजन में सरोज सिंह, मुदिता सिंह, सुनंदा सिंह, शशिप्रभा सिंह, कृष्णा सिंह, रेणु सिंह, एडवोकेट दीपा सिंह, पूर्णिमा सिंह, प्रतिमा सिंह, माधवी सिंह, पुष्पा सिंह, पिंकी सिंह, कंचन सिंह और ललिता राय सहित अन्य ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उन्हें कड़ाके की ठंड में कुछ हद तक राहत देने की पहल की। उक्त जानकारी झारखंड प्रदेश वीरांगना की पदधारी सरोज सिंह ने दी।

# छवि रंजन ने इडी की और से जब्त दस्तवाजे देखने की इजाजत मांगी, दाखिल की याचिका

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के पूर्व डीसी और जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन ने रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। उन्होंने अदालत से मांग की है कि उन्हें उन दस्तावेजों को देखने की अनुमति दी जाए, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने छापेमारी के दौरान जब्त किया था। छवि रंजन का कहना है कि ये दस्तावेज उनके मामले की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, छवि रंजन की ओर से दाखिल चार्जशीट में इन दस्तावेजों का उल्लेख नहीं किया गया है। इस पर कोर्ट ने छवि रंजन से स्पष्ट करने को कहा है कि वह किस प्रकार के दस्तावेजों को देखना चाहते हैं।गौरतलब है कि इससे पहले, मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की अभियुक्त पूजा सिंघल ने भी इसी तरह की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

# दिनेश गोप को कैसे ले जाया जायेगा एम्स हाइकोर्ट ने मांगा एक हफ्ते में जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेल में बंद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई( पीपुल्स लिब्रेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के सुप्रीमो दिनेश गोप की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि दिनेश गोप के बेहतर इलाज के लिए उसे एम्स दिल्ली कब और कैसे भेजा जाएगा? कोर्ट ने सरकार को एक सप्ताह में इस संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दिनेश गोप की ओर से बेहतर इलाज के लिए एम्स दिल्ली ले जाए जाने की गुहार लगाई गई है। दिनेश गोप की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 50689 date 28.12.2024, I, Renuka Kaibarta, W/o Tapan Kaibarta, aged about-30 years, by faith-Hindu, by profession-Housewife, by nationality-Indian, resident of Vill-Bhawanipur, Harla Sida, P.S-Chas, Distt-Bokaro (Jharkhand) Pin 827013 do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my actual and correct name is Renuka Kaibarta, which has been mentioned in my Aadhar card bearing No-2924 8249 5740.
2. That my name has been mentioned as Renuka Devi in my Bank Account, Bank of India Topa Branch vide A/c No-486910110003129.
3. That Renuka Kaibarta and Renuka Devi are the same and single lady i.e. myself.
4. That this affidavit is required for authority concern for doing needful. 5. That the above statements are true and correct.


# शीतलहरी ने गिराया 6 डिग्री पारा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में पिछले 24 घंटों में राज्यभर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया गया है। तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी हैं। रांची सहित अन्य जिलों में ठंडी हवाओं का कहर जारी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ सकती है। हिमालय क्षेत्र में हो रहे बर्फबारी की वजह से ठंडी हवाएं झारखंड की ओर आ रही हैं। इन हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आ रही है और शीतलहर की स्थिति बन रही हैं। रांची, पलामू, सरायकेला, गुमला, लातेहार, गढ़वा, सिमडेगा जैसे जिलों में न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना हैं।

# 350 श्रद्धालु पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पटना साहब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 130 श्रद्धालुओं का जत्था तीन जनवरी को एवं 150 श्रद्धालुओं का जत्था चार जनवरी को हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व में शामिल होने पटना के लिए रवाना होगा। इसके अलावा चार एवं पांच जनवरी को वंदे भारत ट्रेन एवं बस के द्वारा अलग-अलग जत्थों में 70 श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब के लिए रांची से प्रस्थान करेगा। प्रकाश पर्व के सभी आयोजनों में शामिल होने के बाद सभी श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को रांची लौटेगा।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जायेगा, शनिवार को सुबह 8 से 10 बजे तक तथा रात 8 बजे से 11 बजे तक एवं 12 को सुबह दस बजे से ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। इन सभी दीवानों में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंच रहे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह, दिल्ली वाले शबद गायन कर रांची की साध संगत को निहाल करेंगे। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जायेगा, इस उपलक्ष में रात 8 बजे से 1 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा तथा रात 12 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 4 जनवरी से रखे जा रहे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग होगा।


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान् प्रधान जिला न्यायधीश सह मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण कोडरमा।
मोटर दुर्घटना दावा वाद सं० 40/2022
इन्दू शर्मा एवं अन्य .... दावाकर्ता
सुधीर सिंह एवं अन्य ......विपक्षी
नोटिश
बनाम
1. सुधीर कुमार सिंह पिता गौरी शंकर सिंह निवासी साकिन नीमाडीह, पो० जरवा, थाना चरही, जिला हजारीबाग झारखण्ड मालिक ट्रक सं० NL01-4478
2. शतेन्द्र पासवान पिता श्री श्री पासवान निवासी साकिन बतसपूर, थाना बोधगया, पो० बोधगया, जिला गया बिहार, ड्राइवर ट्रक सं० NL01Q4478
वजरिये :-
इस अखबार प्रकाशन के माध्यम से आपको सुचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप विपक्षी सं० 1 एवं 2 है। उपरोक्त वाद आपकी उपस्थिति हेतु मेरे न्यायालय में लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक से आपको नोटिश भेजा जा चुका है इसके बावजुद आप उपस्थित नही हुए। पुनः बजरीये इस अखबार प्रकाशन से आपको पुनः सुचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वाद में दिनांक 13.01.25 को समय प्रातः 10:30 बजे स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करे। अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जायगी। इसे सक्त ताकिद जाने।
आज दिनांक 13.12.24 हस्ताक्षर से जारी किया गया। को मेरे न्यायालय कि मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

आदेशानुसार
प्रधान जिला जज न्यायधीश
कोडरमा।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 50692 date 28.12.2024, I, Sulekha Kaibarta, W/o Binod Kaibarta, aged about-29 years, by faith-Hindu, by profession-Housewife, by nationality-Indian, resident of Vill-Begunkodar P.O- Begunkodar P.S-Jhalda Distt-Purulia (W.B)Pin 723202, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my actual and correct name is Sulekha Kaibarta, which has been mentioned in my Aadhar card bearing No-8189 5215 9139.
2. That my name has been mentioned as Sulekha Kumari in my Bank Account, Bank of India Topa Branch vide A/c No-486910110003657.
3. That Sulekha Kaibarta and Sulekha Kumari are the same and single lady be. myself.
4. That this affidavit is required for authority concern for doing needful.5. That the above statements are true and correct.

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
06

# परीक्षा की घड़ी

वर्ष 2024 इतिहास में देश के लिए राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में से एक के रूप में दर्ज होगा और सभी राजनीतिक नेताओं को वर्ष 2025 में आने वाले चुनावों की तैयारी के लिए सबक सीखने की आवश्यकता है। लगातार तीसरी बार मोदी सरकार की वापसी निःसंदेह वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना थी। भारतीय जनता पार्टी, जो अब की बार 400 पार के नारे के साथ चुनाव प्रचार में उतरी थी, को 240 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जिससे उसे सरकार बनाने के लिए अपने सहयोगियों पर निर्भर होना पड़ा। 99 सीटों के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी संख्या में सुधार किया, लेकिन इंडिया गठबंधन बहुमत हासिल करने के अपने लक्ष्य से बहुत पीछे रह गया। विडंबना यह है कि विजेता परिणाम से बहुत खुश नहीं था, जबकि प्रतिद्वंद्वी इस बात से खुश थे कि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी बहुमत से वंचित किया गया था, जो संविधान में संशोधन कर सकता था। भाजपा ने अहंकार और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने की कीमत चुकाई। इसके नेताओं ने यहां तक कहा कि पार्टी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के समर्थन की आवश्यकता नहीं है और यह अपने दम पर चुनाव लड़ने और जीतने में सक्षम है। इंडिया गठबंधन ने क्षेत्रीय दलों के कांग्रेस के साथ गठबंधन करने पर भी प्रभाव डाला, जिससे दो तिहाई बहुमत के साथ वापस आए एनडीए गठबंधन के संविधान में बड़े संशोधनों की आशंका पैदा हो गयी। भाजपा ने आत्मनिरीक्षण करने और लोकसभा चुनावों में अपने अभियान और प्रदर्शन से सबक लेने में देर नहीं लगायी। इसका असर हरियाणा में कांग्रेस की चौंकाने वाली हार में दिखायी दिया, जहां लगभग हर किसी ने मौजूदा भाजपा सरकार की हार का अनुमान लगाया था।

**हरियाणा के उसके नेता जीत के प्रति इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए कोई रणनीति नहीं बनायी। अगर इडिया गठबंधन के सहयोगी पिछले साल से सबक नहीं सीखते हैं, तो वे इतिहास को दोहराने के लिए अभिशप्त हैं।**

पार्टी ने एक ऐसी रणनीति बनायी, जिसने कांग्रेस को मात दी और हार को जीत में बदलने में सक्षम रही। लोकसभा चुनावों में तुलनात्मक रूप से खराब प्रदर्शन के बाद इस जीत ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत के साथ पार्टी को और बढ़ावा मिला, जहां इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के लिए दाव ऊंचे थे। लोकसभा चुनाव में मिली हार से वह उबर पायी और ऐसा लगा कि उसने सबक सीख लिया है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के साथ ऐसा नहीं है, जिसने लोकसभा में अपनी सीटें बढ़ायी थीं, लेकिन फिर वह आत्मसंतुष्ट हो गयी। हरियाणा के उसके नेता जीत के प्रति इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए कोई रणनीति नहीं बनायी। अगर इडिया गठबंधन के सहयोगी पिछले साल से सबक नहीं सीखते हैं, तो वे इतिहास को दोहराने के लिए अभिशप्त हैं। यह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लिए भी परीक्षा की घड़ी होगी, जिन्होंने लोकसभा के लिए प्रचार में कुछ जोश दिखाया था, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में पीछे हट गये। दूसरी ओर, नर्म पड़ चुकी मोदी सरकार को अपने सहयोगियों को साथ लेकर चलने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत बाहर गये भारतीयों द्वारा बीते साल में बाहर की कमाई में से बचत करके देश में पैसा भेजने के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर आ गया है और दूर-दूर तक उसे चुनौती मिलती नजर नहीं आ रही है, क्योंकि उसके लिए चुनौती बनने वाला चीन काफी पीछे हो गया है। बाहर गये भारतीयों ने इस साल 129.1 अरब डालर की रकम अपने बंधु-बांधवों और देश को भेजी, जो वैश्विक हिसाब का 14.3 फीसदी है। चीन का नंबर अब काफी पीछे है और उसका हिस्सा मात्र 5.3 फीसदी का हो गया है।**

# अमेरिका से डॉलर भेजने के मामले में भारतीय अव्वल

**अरविंद मोहन**

नये साल पर पहली चर्चा खुशखबरी की ही होनी चाहिए, तो खुशखबरी यह है कि भारत बाहर गये भारतीयों द्वारा बीते साल में बाहर की कमाई में से बचत करके देश में पैसा भेजने के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर आ गया है और दूर-दूर तक उसे चुनौती मिलती नजर नहीं आ रही है, क्योंकि उसके लिए चुनौती बनने वाला चीन काफी पीछे हो गया है। बाहर गये भारतीयों ने इस साल 129.1 अरब डालर की रकम अपने बंधु-बांधवों और देश को भेजी, जो वैश्विक हिसाब का 14.3 फीसदी है। चीन का नंबर अब काफी पीछे है और उसका हिस्सा मात्र 5.3 फीसदी का हो गया है, जबकि अभी हाल तक वह कभी भी 10 फीसदी से नीचे नहीं गया था।

भारत के बाद मैक्सिको का नंबर आता है, पर अंग्रेजी जानने वाले ऐसे मजदूरों के मामले में पाकिस्तान ही हमारे बाद है, जिसका हिसाब और भी पीछे है। विदेशी मजदूरी/कमाई के इस हिसाब का महत्व तब और साफ दिखता है, जब हम पाते हैं कि हमारी जीडीपी में इसका हिस्सा 3.3 फीसदी का हो जाता है और हमारे लिए तो नहीं लेकिन दुनिया के काफी देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा इस कमाई के नीचे ही है, पर हमारे लिए भी यह कमाई काफी महत्वपूर्ण है खास कर विदेशी मुद्रा की कमाई के लिहाज से भी और चीन की घटती कमाई पर ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि एक तो अंग्रेजी के चलते उसके बीपीओ क्षेत्र में हमारे जितने मजदूर उपलब्ध भी नहीं हैं। दूसरे वहां युवा आबादी का अनुपात तेजी से कम होने लगा है और तीसरी वजह उसका खुद का एक बड़ी आर्थिक ताकत बनने से अपने सारे कामगार हाथों को काम उपलब्ध कराना है।

**मस्क ने कहा कि वीजा प्रणाली में गड़बड़ियां हैं और इन्हें दूर किया जा सकता है।**



**हर काम में कमाई करने का अभ्यस्त अमेरिका हर वीजा के लिए 35 हजार डालर की फीस वसूलता है और रेजीडेंसी की स्पांसरशिप के लिए 50 हजार डालर की फीस लेता है। ये लोग अपनी मौजूदगी और बौद्धिक/शारीरिक श्रम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में कितना या कैसा योगदान देते हैं (क्योंकि सब बुलाये हुए लोग हैं), वह हिसाब अलग है, लेकिन उनकी अमेरिका में तैनाती कराने में ही हमारी साफ्टवेयर कंपनियों का हाल खराब होता है।**

दूसरी ओर हम हैं, जिसके डालर कमाने वाले मजदूरों में अंग्रेजी ज्ञान काफी बड़ी ताकत है और बीपीओ क्षेत्र से होने वाली कमाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बन गयी है। अरब जगत या अन्य देशों में शारीरिक श्रम करके कमाई करने वाले कम नहीं हैं, पर भारत में कंप्यूटर क्रांति का मतलब सेवा क्षेत्र से कमाई बढ़ाना है। और इस सेवा का लाभ अमेरिका और यूरोप समेत किस-किस देश को कितना मिला है, इसका हिसाब लगाने की फुर्सत भी हमें नहीं है, पर डालर में कमाई के चलते इसकी मात्रा और महत्व दोनों काफी अधिक हैं। सो पहली खुशखबरी से भी ज्यादा महत्व की चेतावनी यही है कि हमारे बीपीओ कारोबार के लिए सबसे बड़ा बाजार अमेरिका अकारण वीजा के नियमों में बदलाव करके भारतीय पेशेवर कंप्यूटर कर्मियों का अपने यहां काम करना मुश्किल कर रहा है। कई महीने पहले जब डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के क्रम में वीजा नियम सख्त करने और अवैध प्रवासियों को भगाने की बात उठायी तब से यह मामला अमेरिका, पूरी दुनिया और वहां काम कर रहे भारतीयों के बीच सर्वोच्च प्राथमिकता का मुद्दा बना हुआ है।

मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) नाम से पहचाने जाने वाले ट्रंप भक्त हुड़दंग मचाए हुए हैं, जबकि ट्रंप की जीत को अपनी जीत बताने वाले भारतीय भक्त इस सवाल पर चुप्पी साधे हुए हैं, तो अमेरिकी भक्त लगभग जातीय दंगा शुरू कराने वाली भाषा बोलने लगे हैं, क्योंकि वहां सरकार बदल चुकी है और डोनाल्ड ट्रंप बस आने ही वाले हैं। ऐसे-ऐसे अपमानजनक और डरावने वीडियो क्लिप भारत तक पहुंचने लगे हैं, जिनसे लगता ही नहीं कि अमेरिका कोई सभ्य समाज है। हम जानते हैं कि ट्रंप के परम सहयोगी और टेसला के मालिक एलन मस्क ने भी उनकी इस राय से सहमति जतायी थी और लगातार वीजा नियमों में बदलाव की वकालत करते रहे हैं। नयी सरकार पर उनकी छाप के अंदाजे से यह भी घबराहट का विषय बन गया था।

अब कारण जो भी रहे हों, पर, साल जाते-जाते मस्क ने अपनी बात थोड़ी हल्की की तब काफी सारे लोगों ने राहत की सांस ली। मस्क ने कहा कि वीजा प्रणाली में गड़बड़ियां हैं और इन्हें दूर किया जा सकता है। अब अवैध ढंग से घुसपैठियों की वकालत कौन करेगा, लेकिन वे वीजा-पासपोर्ट वाले तो हैं नहीं, पर जो लोग वीजा, खास कर एच-1 बी वीजा लेकर गये हैं, उनमें अवैध लोग कैसे जा सकते हैं, यह समझ से परे है और फिर उनके खिलाफ आग उगलने का क्या कारण है, यह समझना मुश्किल है।


हर काम में कमाई करने का अभ्यस्त अमेरिका हर वीजा के लिए 35 हजार डालर की फीस वसूलता है और रेजीडेंसी की स्पांसरशिप के लिए 50 हजार डालर की फीस लेता है। ये लोग अपनी मौजूदगी और बौद्धिक/शारीरिक श्रम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में कितना या कैसा योगदान देते हैं (क्योंकि सब बुलाये हुए लोग हैं), वह हिसाब अलग है, लेकिन उनकी अमेरिका में तैनाती कराने में ही हमारी साफ्टवेयर कंपनियों का हाल खराब होता है। अब क्या होगा यह कहना मुश्किल है, लेकिन इतना तो लग रहा है कि एक बार फिर उनका ही मुंडन प्रमुख रूप से होने वाला है और अगर अमेरिका वीजा या वर्क परमिट को महंगा करता है, तो इसका वैश्विक असर होगा। असल में सबका ध्यान देश की आर्थिक राजधानी का चुनाव जीतने के बाद राजधानी दिल्ली के नन्हे असेंबली के चुनाव पर है, जिसके अधिकारों पर सभी शक करते रहे हैं। उनका मुकाबला असल में मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) से है। हमारे मेक इंडिया ग्रेट अर्थात भारत महान वालों को यह भी तय करना है कि वे किस भारत की बात कर रहे हैं।

## देश-विदेश की खबरें

# खड़े ट्रक से टकरायी कार, चार युवकों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र में बुधवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ है। हरियाणा से घूमने आए पांच युवकों की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी। जिसमें चार युवाओं की मौत हो गयी है। जबकि एक युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा है अन्य एक युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। पांचो युवक एक ही गांव लिसाड़ी, जिला रेवाड़ी हरियाणा के रहने वाले थे।



जानकारी के मुताबिक हरियाणा के एक ही गांव के पांच युवक हरिद्वार घूमने आये थे। इस दौरान देर रात उनकी तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े सीमेंट के ट्रक से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्ती की कार के परखच्चे उड़ गये। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गयी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला। लेकिन तब तक तीन युवक दम तोड़ चुके थे। दो गंभीर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन एक युवक ने अस्पताल में ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। जबकि दूसरे का इलाज जारी है।

मरने वालों में केयर सिंह पुत्र दिलीप सिंह, आदित्य पुत्र हवा सिंह, मनीष पुत्र बलवान सिंह की मौके पर मौत हुई है। जबकि प्रकाश पुत्र रघुवीर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। गंभीर घायल महिपाल पुत्र घासीराम को डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर किया है।

# यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो के बार में फायरिंग, 12 लागों की मौत

**एजेंसी**

**मोंटेनेग्रो।** यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो में नये साल के मौके पर एक शख्स ने बार में फायरिंग कर अपने ही परिवार के सदस्यों समेत 12 लोगों की हत्या कर दी। मरने वालों में परिवार के अलावा बार के मालिक और उसके 2 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं 4 लोग घायल भी हुए हैं। आरोपी हमलावर की पहचान 45 साल के आको मार्टिनोविक के रूप में हुई है, जो हमले के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए इलाके की सभी सड़कों को बंद कर दिया और उसकी तलाश में जुट गयी। हालांकि बाद में पता चला कि आरोपी हमलावर ने आत्महत्या कर ली है।

**पारिवारिक झड़प में हुई गोलीबारी**

मार्टिनोविक बार में अपने मेहमानों के साथ मौजूद था। स्थानीय पुलिस के मुताबिक घटना की शुरूआत बार में झड़प से हुई। झड़प के बाद वह घर गया और वहां से हथियार लेकर आया। इसके बाद उसने शाम 5:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) गोलीबारी शुरू कर दी। बार में हुई फायरिंग में उसने 4 लोगों को मार दिया था। इनमें बार मालिक और उसके 2 बच्चे मारे गये। इसके बाद उसने अन्य 3 जगहों पर जाकर फायरिंग की, जिसमें अन्य लोग मारे गये।

**प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शोक घोषित किया**

हमले के बाद सरकार ने गुरुवार से तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। मोंटेनेग्रो के प्रधानमंत्री मिलोज्को स्पाजिक ने गोलीबारी को भयानक त्रासदी बताया है। हमले में घायल हुए लोगों की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

# अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में नये साल के मौके पर (बुधवार) सैकड़ों लोगों ने इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन कियी। न्यूयॉर्क के फेमस टाइम्स स्क्वायर पर इक्ट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के खिलाफ तीसरे इंतिफादा शुरू करने की मांग की। हाथों में इजराइल विरोधी तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने जायोनिज्म (फिलिस्तीन में यहूदी देश की स्थापना का विचार) को कैंसर बताया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल को मिलने वाली अमेरिकी मदद बंद करने और इरान के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ने के लिए भी नारे भी लगाये। इस प्रदर्शन का आयोजन फिलिस्तीनी युवा आंदोलन, पार्टी फॉर सोशलिज्म एंड लिबरेशन और पीपुल्स फोरम ने किया था।



न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाये - सिर्फ एक ही हल इंतिफादा। हम जीतेंगे, हमें गाजा पर फक्र है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक महिला प्रदर्शनकारी ने गोरे लोगों पर तंज करते हुए कहा कि हम तुम्हें वापस यूरोप भेज रहे हैं। यूरोप वापस जाओ, यूरोप वापस जाओ। वहीं एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि साल 2024 जायोनिज्म के अपराधों के खिलाफ संघर्ष का साल है।

बता दें कि जायोनिज्म एक धार्मिक और राजनीतिक आंदोलन है। यह फिलिस्तीन में यहूदी देश की पुनर्स्थापना का समर्थन करता है। इस विरोध प्रदर्शन से कुछ देर पहले ही न्यू ऑर्लीन्स में एक शख्स ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन में तेज रफ्तार ट्रक से हमला कर सैकड़ों लोगों को रौंद दिया था।

# पीएम से सिंगर दिलजीत दोसांझ ने की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के नाम से अब पूरी दुनिया वाकिफ है। उन्होंने न सिर्फ अपने गानों की धून से देश में लोगों का नचाया, बल्कि अपने दिल- लुमिनाटी टूर से तो वह दुनियाभर में धमाल मचा गए। पिछले साल 26 अक्टूबर को दिल्ली में शुरू हुआ ये टूर 31 दिसंबर को लुधियाना में खत्म हुआ। जिसके बाद साल के पहले ही दिन सिंगर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जिसकी तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गयी। पीएम मोदी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम



अकाउंट से दिलजीत के साथ उनकी बातचीत के अंश को साथ में पोस्ट किया गया। जिसके बाद तो फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा।

# बांग्लादेश में चिन्मय प्रभु की जमानत याचिका खारिज

**चटगांव कोर्ट में आधे घंटे चली सुनवाई, अब हाईकोर्ट जाने की तैयारी**

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय प्रभु दास की जमानत याचिका आज दूसरी बार खारिज हो गयी। न्यूज एजेंसी डेली स्टार के मुताबिक चटगांव सेशन कोर्ट के जज सैफुल इस्लाम ने दोनों पक्षों की दलील पढ़ने के बाद ये फैसला दिया। इस मामले में करीब आधे घंटे तक सुनवाई चली। चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

फैसले के बाद चिन्मय प्रभु के



वकील अपूर्व भट्टाचार्य ने कहा कि वे जमानत को लेकर हाईकोर्ट में अपील करने की तैयारी कर रहे हैं। सुबह 10.15 बजे सुप्रीम कोर्ट के 11 वकीलों की टीम चटगांव कोर्ट पहुंची।

इसके बाद करीब 11 बजे मामले की सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान चिन्मय प्रभु को कोर्ट में पेश नहीं किया गया। इससे पहले भी 3 दिसंबर 2024 को चिन्मय की जमानत याचिका खारिज कर दी गयी थी।

**कोलकात इस्कॉन के वाइस प्रेसिडेंट को न्याय देने की मांग**

चिन्मय प्रभु की जमानत याचिका खारिज होने के बाद कोलकाता इस्कॉन के वाइस प्रेसिडेंट राधा रमन ने कहा कि सभी को उम्मीद थी कि नये साल में चिन्मय प्रभु को आजादी मिल जायेगी लेकिन 42 दिन बाद भी आज सुनवाई में उनकी जमानत खारिज कर दी गयी। बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्याय मिले।

3 दिसंबर 2024 को चटगांव कोर्ट के जज सैफ-उल इस्लाम ने याचिका को इसलिए खारिज किया था क्योंकि अग्रिम सुनवाई की अनुरोध वाली याचिका दायर करने वाले वकील के पास संत की ओर से वकालतनामा नहीं था।

**25 नवंबर को संत चिन्मय दास गिरफ्तार हुए थे**

बांग्लादेश पुलिस ने 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया था। तब वे चटगांव जा रहे थे। मौके पर मौजूद इस्कॉन के सदस्यों ने कहा कि डीबी पुलिस ने कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया। उन्होंने बस इतना कहा कि वे बात करना चाहते हैं। इसके बाद वो उन्हें माइक्रोबस में बैठाकर ले गयी। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मल्लिक ने कहा कि पुलिस के अनुरोध के बाद चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार किया गया।

# केजरीवाल ने किसानों को धोखा दिया 10 साल अपना रोना रोये : शिवराज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1 जनवरी को दिल्ली की सीएम आतिशी को चिठ्ठी लिखीं। शिवराज ने दिल्ली सरकार पर किसानों के लिए केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं करने का आरोप लगाया। शिवराज ने लिखा कि, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के किसान भाईयों-बहनों के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही जनता के फैसले लेने की बजाय अपना रोना रोया है।

**चौहान की चिट्ठी पर दिल्ली की सीएम आतिशी बोलीं**

बीजेपी का किसानों के बारे में बात करना वैसे ही है, जैसे दाऊद



अहिंसा पर प्रवचन दे रहा हो। जितना बुरा हाल किसानों का इनके समय हुआ, उतना कभी नहीं हुआ। पंजाब में किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं, मोदी से कहिए उनसे बात करें। किसानों के साथ राजनीति करना बंद करें क्योंकि बीजेपी के राज में किसानों पर गोलियां-लाठियां चलायी गयी थीं।

## गोविंद स्कूल ने सीपी मेमोरियल को आरके पब्लिक ने ज्ञान निकेतन रेहला को हराया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 17वें दिन गोविंद हाई स्कूल ने सीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सहिजना को 93 रन से, आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला को 19 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सीपी मेमोरियल ने टॉस जीतकर गोविंद हाई स्कूल को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। गोविंद के गोलू ने टीम के लिए बेहतसर बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाए वे अर्धशतक के चुक गया। वहीं इमरान ने 23 रन बनाये, दोनों के सहयोग से टीम का स्कोर 140 रन बनाये। सीपी मेमोरियल की ओर से रवि ओर प्रिंस ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सिपी मेमोरियल की टीम 47 रन पर ही सिमट गयी। गोविंद हाई स्कूल की ओर से गोलू ने दो और प्रिंस ने एक विकेट लिया। दूसरे मैच में आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हसरत और सनी के 16- 16 रन के सहयोग से 91 रन ही बना पायी। ज्ञान निकेतन रेहला की ओर से अबीब और उज्जवल ने एक एक विकेट लिया। 92 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन रेहला की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट होकर 72 रन ही बना पायी। टीम की ओर से उज्ज्वल ने ही सिर्फ दहाई अंक में प्रवेश किया। आरके पब्लिक स्कूल की ओर सेआकाश ने तीन और अतुल ने दो विकेट लिया मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद हाई स्कूल के गोलु को और आर पब्लिक स्कूल के आकाश को दिया गया।इस मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, अभय दुबे, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, धीरज दुबे, आकाश, प्रिंस खान, आलोक गुप्ता, मनोज तिवारी गोलु दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीएनटी संत मैरी विद्यालय के 12वीं के छात्र ने लहराया परचम

# मेक्स्ट छात्रवृत्ति परीक्षा में सत्यम कुमार सिन्हा ने प्रथम स्थान लाया

**गौरतलब है कि हर साल 100,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्र मेक्स्ट छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते हैं, और सिर्फ. 9,000 ही इसे प्राप्त कर पाते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के सोनपुरवा स्थित सीनियर सेकेंडरी बीएनटी संत मैरी स्कूल, कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय का छात्र सत्यम कुमार सिन्हा ने अंतरराष्ट्रीय मेक्स्ट छात्रवृति परीक्षा में सफलता के साथ ही साथ अपने देश के कुल आठ सफल छात्रों में प्रथम स्थान लाकर अपना विद्यालय, माता-पिता और देश के गौरव को गौरवान्वित करने का करने के काम किया है। सत्यम कुमार प्रारंभिक कक्षा से ही बीएनटी संत मेरी विद्यालय के छात्र रहें हैं। सीबीएसई द्वारा आयोजित सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2023 में भी इनका उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा था। हम भारतवासियों का विदेशी प्रतियोगिता परीक्षा में परचम लहराने का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसे गढ़वा जिला के साईं मोहल्ला, वार्ड संख्या १० निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह का पुत्र सत्यम कुमार सिन्हा ने ठीक उसी प्रकार दोहराया, जिस तरह ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समय भारतीय छात्रों ने अपनी विद्वता से ब्रिटेन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में ब्रिटेन के मूल विद्यार्थियों को ही अपने से पीछे का रैंक प्राप्त करने को मजबूर कर दिया था। शुरू से ही इनका सपना एक प्रतिभावान वैज्ञानिक बनने का रहा है, विद्यालय के शिक्षकों का कहना है, कि सत्यम कक्षा - कक्ष की अवधि में भी रिसर्च और इनोवेशन में ही केंद्रित नजर आते हैं। गौरतलब है कि हर साल 100,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्र मेक्स्ट छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते हैं, और सिर्फ. 9,000 ही इसे प्राप्त कर पाते हैं। इसका मतलब है कि 100 में से सिर्फ 9 छात्र ही सफल होते हैं। सत्यम कुमार की अपार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के शीतकालीन अवकाश के समापन पश्चात सत्यम कुमार सिन्हा को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया जायेगा, जिससे जूनियर वर्ग के छात्र भी सही दिशा और दशा में कदम रखने को अभिप्रेरित होंगे।

छात्र सत्यम कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बधाई देते हुए, विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति से सत्यम को न सिर्फ वित्तीय सहायता प्राप्त होगा, अपितु उसका साइंस के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का सपना भी साकार हो सकेगा। इनकी सफलता पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।



छात्र सत्यम कुमार सिन्हा।

## सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष ने दिवंगत शिक्षक के परिजन के हाथों सहायता राशि सौंपी



धुरकी (आजाद सिपाही)। सहायक अध्यापक संघ धुरकी के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार भारती के नेतृत्व में संगठन ने एनपीएस घोड़पाथर परासपानी के दिवंगत शिक्षक सुरेश यादव के घर जाकर उन्हें सहयोग राशि उनके परिजन के हाथों सौंपा। राशि प्रदान करते हुए प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार भारती ने कहा कि हमारा संगठन पहले भी इस प्रकार से आकस्मिक निधन हुए पारा शिक्षकों को सहयोग किया है और आगे भी ऐसा ही प्रयास जारी रहेगा। इस नेक कार्य में उन्हें बीआरसी के अधिकारी, कर्मी और कुछ सरकारी शिक्षकों का भी सहयोग मिला। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से अनुकंपा पर एक आश्रित को नौकरी और कल्याण कोष से 10 लाख रुपये की मांग सरकार से कर चुके हैं। इसके लिए फाईल बना कर अगले सप्ताह जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय गढ़वा को बीआरसी के माध्यम से सौंप दिया जायेगा। इस अवसर पर बीआरसी के बीपीओ बिपिन बिहारी गुप्ता, शिक्षक अरविंद कुमार, राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव, प्रमोद यादव, विनोद यादव, बिरेंद्र कुमार गुप्ता, रामलाल चंद्रवंशी, रघुनाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुनेश्वर और राजेश, रामराज तथा अन्य दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## सासाराम में ट्रेन से कट कर मृत मजदूर के शव पहुंचने पर घर में मचा कोहराम



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी कृष्ण सिंह 42 वर्ष पिता जगरनाथ सिंह के शव पहुंचने पर घर में कोहराम मच गया। कृष्णा 2 माह पूर्व बिहार के सासाराम में मजदूरी करने गया था। एक जनवरी को किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। कृष्णा अपने पिछे पत्नी और तीन बच्चे को बेसहारा कर छोड़ गया। अब परिवार को देखने वाला कोई भी नहीं रहा। शव पहुंचने पर पूर्व मुखिया विजय सिंह ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार हरसंभव मदद कराया जायेगा। इस अवसर पर वार्ड सदस्य विश्वनाथ राम, दिनेश चौधरी, मनोज मिंज सहित लोगों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधवाया।

## शितलहर वाली ठंड में गरीबों की जान बचा रहे हैं युवा समाजसेवी साजिद खान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आज नववर्ष के दूसरे दिन भी गरीबों के अनेक निःशुल्क बैंक गढ़वा में ग्रामीणों की कपड़ा बैंक खुलते ही भीड़ उमड़ने लगी। आये हुये सभी जरुरतमंदों को कपड़ा बैंक के संचालक साजिद खान ने कंबल और गर्म कपड़ों का उपहार उन्हें भेंट किया। जिसे पाकर गरीबों ने दुआयें देते हुए भावुक मन से आशीर्वाद दिया।

## दो दिव्यांगों को मिला थ्री व्हील साइकिल



रंका (आजाद सिपाही)। नालसा - झालसा के अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा चलाये जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत पीएलवी अमरेंद्र कुमार के प्रयास से दो दिव्यांग बच्चों को रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, समेकित बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षिका पूनम कुमारी के द्वारा दो दिव्यांग बच्चों को थ्री व्हील साइकिल प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रधान सहायक मुकेश कुमार, गढ़वा सिविल कोर्ट के पीएलवी कृष्णानंद दुबे, पीएलवी महेंद्र ठाकुर, राजेश चौधरी, पूर्व प्रमुख हेमंत लकड़ा, नौशाद राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बोलेरो ने मारी टक्कर, बाइक सवार दो युवा घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य मार्ग पर मेलवान गांव के समीप एक अज्ञात बोलेरो के धक्का लगने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह निवासी महेंद्र पासवान तथा खरौंधी के गटीयरवा निवासी अक्षय पासवान का नाम शामिल है। घायलावस्था में परिजनों के द्वारा बुधवार साढ़े बजे रात्रि को भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निजी वाहन से इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां पर तैनात चिकित्सक शैलेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए,सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बेलपहाड़ी निवासी उपेंद्र पासवान ने बताया कि मेरे जीजा महेंद्र पासवान बाहर मजदूरी करने जा रहे थे, जिन्हें मोटरसाइकिल से भगिना अक्षय छोड़ने नगर जा रहा था कि मेलवान गांव के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो टक्कर मारकर फरार हो गया।

## युवक ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या



मृतक पपन कुमार की फाइल फोटो।

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर बस्ती निवासी रंजीत पासवान के 24 वर्षीय पुत्र पपन कुमार बुधवार की रात्रि कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। उसे परिजनों द्वारा ईलाज के लिए स्थानीय सीएससी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि पपन कुमार विवाद के चलते बुधवार की रात शराब के नशे में कीटनाशक दवा खा लिया, जब उसकी पत्नी उसे सुबह उसे उठाने के लिए दूसरे कमरे में गयी तो वह नहीं उठा, उसने चीख पुकार कर अपने घर वालों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई दिनेश सिंह और नारायण प्रसाद अस्पताल पहुंचकर मृतक के पिता से घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। उधर घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर जिपस रंजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, कपिल चंद्रवंशी, सुजीत कुमार अस्पताल पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

# कई बार मुखिया और बीडीओ को आवेदन दिया, बावजूद आज तक आवास नहीं मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** पिछले दो वर्षो से आवास के लिए परेशान ऋषि साह ने अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को प्रखंड कार्यकाल गेट के पास धरना पर बैठ गया। प्रखंड कार्यालय पहुंचे श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने ऋषि और उसकी पत्नी से बात कर जल्दी आवास देने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। ऋषि साह भवनाथपुर प्रखण्ड क्षेत्र के अरसली उतरी का निवासी है। ऋषि का कहना है कि पिछले दो साल से प्रखंड कार्यालय का आवास के लिए चक्कर लगा कर थक गया। कई बार मुखिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया, बावजूद आज तक आवास नहीं हुआ। जब भी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देते हैं, तो प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम के द्वारा बोला गया कि एचएम जांच करने आयेंगे, लेकिन दो साल में आज तक मेरे घर जांच के लिए नहीं पहुंचे। ऋषि ने बताया कि बीडीओ तो पहुंचे, लेकिन दलाल मेरे घर तक पहुंच गये और दलाल द्वारा 10 हजार तक का रिश्वत मांगा गया, मेरे द्वारा नहीं देने पर मेरा आवास नहीं हुआ। आवास नहीं मिलने पर मैंने 16 अक्टूबर 2024 को बीडीओ के कार्यालय के पास भी धरना दिया था, क्या मुझे बीडीओ द्वारा आश्वासन मिला था लेकिन आज तक मुझे नहीं आवास नहीं मिल पाया।

# भवनाथपुर विस क्षेत्र के सभी लोग हमारे परिवार जैसे : अनंत प्रताप देव

**विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के कई शोकाकुल परिवार से मिले, किया आर्थिक सहयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के कई शोकाकुल परिवार से मिले। उन्होंने कमता निवासी नागदेव सिंह विशुनपुरा निवासी जीतन राम के पुत्र कमलेश राम जिनका केरल में मृत्यु हो गयी थी, वहीं सीताराम चंद्रवंशी दुखनी कुंवर महुली सागर चंद्रवंशी जय करन पांडे की पत्नी की मृत्यु के पश्चात घर पर जाकर शोकाकुल परिवार से मिले और दुःख की घड़ी में साथ निभाने की बात कही। वहीं उन्होंने सभी के परिवार वालों को आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी लोग हमारे परिवार जैसे हैं। मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, प्रदीप सिंह, प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, संजय गुप्ता, सुधीर सिंह, मानिक सिंह, गौरव प्रताप देव, हेमेंद्र चंद्रवंशी, विश्वनाथ प्रताप देव, मानिक गुप्ता, टोनी गुप्ता, रंजीत चंद्रवंशी, गोपाल राम, उमेश मेहता, अभिजीत सिंह, भरदूल चंद्रवंशी, ललन प्रसाद गुप्ता सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# आइडीएफसी बैंक ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को चेक वितरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आईडीएफसी बैंक, शाखा गढ़वा की ओर से गरुवार को गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के बीच वित्तीय सहायता के रूप में बीस छात्राओं के बीच चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर पांच पांच हजार रुपये के चेक उन छात्राओं को प्रदान किये गये, जो अपनी शिक्षा जारी रखने में वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रही थीं। कार्यक्रम में बैंक के शाखा प्रबंधक रौशन सिंह के साथ उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होता है। बैंक का यह प्रयास छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी आर्थिक समस्याओं को कम करने के उद्देश्य से किया गया है। उपस्थित छात्राओं को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संयुक्त कुमारी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आईडीएफसी बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने और समाज के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने की प्रतिबद्धता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सेवानिवृत्त गृह रक्षक को दी गयी विदाई

**एसडीओ आवास के कर्मियों के बीच परशू काका के नाम से प्रचलित परशुराम पिछले 7 सालों से एसडीओ आवास में कार्यरत थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी के सरकारी आवास में कार्यरत गृह रक्षक परशुराम साव को सेवानिवृत्ति के उपरांत गुरुवार को विदाई दी गयी। एसडीओ आवास के कर्मियों के बीच परशू काका के नाम से प्रचलित परशुराम पिछले 7 सालों से एसडीओ आवास में कार्यरत थे। मृदुभाषी और मेहनती स्वभाव के चलते आवासीय कार्यालय के सभी कर्मियों के वे खासे चहेते थे। श्री परशुराम इसी 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए हैं। गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार और उनके सरकारी आवास में कार्यरत सभी कर्मियों ने उन्हें सामूहिक रूप से विदाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी कर्मियों ने उन्हें माला पहनाते हुए उपहार भी प्रदान किये। एसडीओ में कहा कि पद छोटा हो या बड़ा यह मायने नहीं रखता, मायने रखता है कि आपने किसी कार्य को कितनी ईमानदारी और निष्ठा से निभाया है। श्री परशुराम ने ईमानदारी और निष्ठा की बदौलत ही सभी के बीच अपनी अच्छी छवि बनायी थी।

# गोरखनाथ साव ने कृषि के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया

**बहुआयामी प्रयास से कृषि व्यवसाय कर जीवन स्तर में लाया सुधार**

**युवाओं को कृषि उद्यमिता की ओर कर रहे हैं आकर्षित**

**कृषि कार्य के साथ कृषि यंत्रों का प्रतिष्ठान से जिले भर के किसानों को कर रहे हैं लाभान्वित**

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखण्ड के संगवरिया गांव निवासी गोरखनाथ साव ने कृषि के क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से एक नयी मिसाल कायम की है। उन्होंने कृषि के विविध क्षेत्रों में कार्य करके न केवल अपने परिवार का जीवन स्तर में सुधार किया हैं, बल्कि गाव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गये हैं। समय के साथ उन्होंने कृषि यंत्रों के लिए एक प्रतिष्ठान एम/एस गोरखनाथ साव खोला जो कृषि व्यवसाय में कई क्षेत्रों का समावेश करता है, जिसमें सूक्ष्म सिचाई, उच्च मूल्य वाली सब्जियों, फलों की सुरक्षात्मक खेती, बागवानी, डेयरी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन शामिल हैं। उनका यह बहुआयामी प्रयास कृषि के अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। गोरखनाथ साव का मानना है कि कृषि सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, बल्कि एक सृजनात्मक पहल है। वह आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को उगाने के लिए कटिबद्ध हैं। ड्रिप इरिगेशन प्रणाली जिसे सूक्ष्म सिचाई की पद्धति कहते है जिससे सुरक्षात्मक खेती की विधियां न केवल जल संरक्षण में मदद कर रही हैं, बल्कि फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि कर रही हैं। डेयरी और पोल्ट्री फार्मिंग में भी उन्होंने उत्कृष्टता हासिल की है। उनके फार्म से मिलने वाले गुणवत्ता युक्त दुग्ध उत्पाद अच्छी कीमत पर बेचे जा रहे हैं, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही, उनके बकरी और मुर्गी पालन के व्यवसाय ने ग्रामीण युवा पीढ़ी को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है।

श्री साव का एक प्रमुख क्षेत्र मधुमक्खी पालन (एपिक्कर) भी है, जो न केवल उन्हें अच्छा लाभ देता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मधुमक्खियां फसलों के पर परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे फसलों का उत्पादन बढ़ता है। यह पारिस्थितिकी संतुलन के लिए आवश्यक है और जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करती हैं। मधुमक्खियों से प्राप्त शहद और अन्य उत्पाद जैसे मोम भी बाजार में उच्च मूल्य के होते हैं। श्री साव के मधुमक्खी पालन व्यवसाय ने न केवल उनकी आय में योगदान दिया है, बल्कि यह अन्य किसानों को भी पूरी खाद्य श्रृंखला को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। श्री साव द्वारा आयोजित कृषि कार्यशालाओं में गांव के अन्य किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों और नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया जाता है, जिससे वे भी अपने व्यवसाय को विकसित कर सकें। उनका इनपुट और मार्गदर्शन न केवल स्थानीय किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में कृषि विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन रहा है।

श्री साव का मुख्य उद्देश्य सिर्फ अपना व्यवसाय बढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके प्रयासों से गांव के युवाओं के लिए नौकरियों का सृजन करना भी है। कृषि उद्योग रोजगार का एक बड़ा स्रोत है। श्री साव के मॉडल का अनुसरण कर-के अन्य किसान भी इस दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। इससे न केवल बेरोजगारी में कमी आयेगी, बल्कि समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। गांव के लोग श्री साव की कड़ी मेहनत, समर्पण और संकल्प को देखकर अत्यंत प्रेरित हैं। उनके इस सफल यात्रा ने कई युवाओं को कृषि उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है, जो आने वाले समय में ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। गोरखनाथ साव अपने सफल प्रयासों से यह साबित कर रहे हैं कि सही दृष्टिकोण और कड़ी मेहनत के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। उनका यह प्रेरणादायक सफर न केवल उन्हें बल्कि पूरे समुदाय को भी आशा और प्रेरणा दे रहा है, कि खेती एक कल्याणकारी व्यवसाय हो सकता है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
08

# पांच परगना क्षेत्र में अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट करवाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** अफीम की खेती पांच परगना क्षेत्र में नासुर बन गयी है, पुलिस विनष्ट करवा रही है। वहीं कुछ पुलिसकर्मियों ने पैसा लेकर लगाने का कार्य कर रही है। इसकी जांच करानी जरूरी है तब असली गुनहगार का पता चल पायेगा। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशन में बुंडू थाना क्षेत्र में गुरुवार को मधुकमा तथा छोटकोलमा स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 15 एकड़ भूमि पर दशम फॉल थाना क्षेत्र स्थित हांजेद, लबगा, डाहुडीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 12 एकड़ भूमि पर तथा सोनाहातु थाना क्षेत्र स्थित हेसाडीह में लगभग 2.5 एकड़ और राहे थाना क्षेत्र अंतर्गत इडीसिरिंग में लगभग दो एकड़ और तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 3.5 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती का विनष्टीकरण किया गया। इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रोशन, राहे थाना प्रभारी यशवंत प्रेम, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार मेहता, संदीप कुमार, आतिश कुमार, शंभू पंडित, प्रवीण कुमार, शैलेंद्र टुंडू, चरवा उरांव, गोविंद महतो, मिरजा सोरेन के साथ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## अटल नेत्र ज्योति पखवाड़ा में 551 मोतियाबिंद रोगियों का किया जायेगा ऑपरेशन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अटल नेत्र ज्योति पखवाड़ा में राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 25 दिसंबर से मकर संक्रांति तक खूंटी, चाईबासा और सिमडेगा में 551 मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है। दो जनवरी तक 377 मरीजां की आंखों का ऑपरेशन किया जा चुका है। इस आशय की जानकारी देते हुए एसजीवीएस अस्पताल के निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि अटल नेत्र ज्योति पखवाड़ा के तहत 2010 से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबंर से मकर संक्रांति तक एसजीवीएस ग्रुप्स ऑफ आईज हेल्थ हॉस्पिटल में मोतियाबिंद मरीजों की सर्जरी की जाती है। राज्य के तीन जिलों खूंटी, चाईबासा और सिमडेगा में हर वर्ष मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाता है। डॉ निर्मल ने बताया कि पद्मभूषण कड़िया मुंडा की पहल पर इस वर्ष मकर सक्रांति तक 551सर्जरी का लक्ष्य निर्धारित है। इसके विरुद्ध 377 मरीजों की आखों की सर्जरी हो चुकी है। इसमें एनपीसीबीवीआइ और आयुष्मान दोनों के तहत निःशुल्क सर्जरी की गयी है। हर रोगी को वृंदा ज्वेलर्स और पारांगन फाइनेंस के सहयोग से ठंड से बचने के लिए कंबल भीं दिए जा रहे है। सर्वांगीणन ग्राम विकास संस्था (एसजीवीएस) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आइओसीएल) खूंटी टर्मिनल के सहयोग से, पेस्टलोजी चिल्ड्रेंस एजुकेशन सोसाइटी के बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी और उनके आदर्शों। को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## चौकीदार बहाली प्रक्रिया के चयनित अभ्यर्थियों ने जताया प्रशासन का आभार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** चौकीदार बहाली प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा से मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गयी बहाली प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन और उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि अपने कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी भूमिका का निर्वहन करें और जिले में कानून और व्यवस्था बनाये रखने में योगदान दें। चौकीदार बहाली प्रक्रिया का सफल और पारदर्शी आयोजन जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उपायुक्त ने सभी चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन ने मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर काला दिवस मनाया। कर्मचारियों ने बताया कि एक जनवरी 2004 को समाप्त की गई पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग और नयी पेंशन योजना के विरोध में काला दिवस मनाया। इस अवसर पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्रवण कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा एक जनवरी 2004 को कर्मचारियों का पेंशन योजना समाप्त की गयी थी । यह दिन हमलोगों के लिए एक काला दिन है। हम कर्मचारियों का पेंशन योजना बंद कर आर्थिक सुरक्षा समाप्त कर बुढ़ापे की लाठी छीन ली गई थी। नई पेंशन योजना, जिसे नेशनल पेंशन स्कीम के रूप में लागू किया गया, जो कि कर्मचारियों के हितों में नहीं है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधू के साथ मिलकर संघर्ष कर रहे हैं, और जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, यह लड़ाई जारी रहेगी। सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए अपने संघर्ष को तेज करने और इसे सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर संजीव कुमार पासवान, राजेश कुमार, रामजी प्रसाद, प्रेम शंकर सिंह, मनोज कुमार, अभिनव, प्रभात, विजय मुर्मू, समीर, पंकज, सूरज, सुनील, विजय किंडो, नवीन, रंजीत सहित कई अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## मुरहू में युवक ने फंदे से झूल कर की आत्महत्या

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थानांतर्गत बोयसा टोली बिंदा गांव निवासी पतरा सोय का 18 वर्षीय पुत्र संजय सोय ने नये साल के पहले दिन बुधवार को गांव में ही एक पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद जब कुछ ग्रामीणों ने पेड़ पर फंदे से लटका उसके शव को देखा तब इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई। बाद में इसकी सूचना मुरहू थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव का पंचनामा कर उसे अपने कब्जे में कर लिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## चुरी पंचायत के अंबाटांड़ में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर खराब, गांव में छाया अंधेरा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** चूरी पंचायत स्थित अंबाटांड़ में लगा 63 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर के खराब होने से पुरे टोला में कई दिनो से अंधेरा छाया है। 20 दिसंबर से खराब हुए विद्युत ट्रांसफार्मर के कारण करीब 50 घरों में बिजली नहीं है। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों के समक्ष कई तरह की परेशानियां खड़ी हो गयी है। वहीं स्कूली छात्रों को रात में पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयासरत है, लेकिन विभागीय कर्मी की उदासीनता के कारण खराब ट्रांसफार्मर के जगह नया ट्रांसफार्मर गांव को नहीं मिला और न मरम्मत करने पर पहल हुई। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभाग में फोन करके ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना भी दी गयी, लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा कोई पहल नहीं हुई है। विभागीय कार्यशैली के प्रति ग्रामीण उपभोक्ताओं में रोष है। इधर ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलने पर स्थानीय समाजसेवी लोगों द्वारा गुरूवार को कांके विधायक सुरेश बैठा से फोन के माध्यम से बात करके उक्त समस्या से अवगत कराया। जिस पर विधायक सुरेश बैठा ने आश्वास्त किया कि खराब हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को जल्द विभाग के माध्यम से बदलवा दिया जायेगा।

## खूंटी की लक्ष्मी और झोंगो पाहन राष्ट्रीय पैरा आर्चरी गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जीवन में कठिनाइयां चाहे जैसी भी हों, अगर मन में कुछ करने का जज्बा औ समर्पण हो तो कोई भी रुकावट मुश्किल नहीं लगती। खूंटी जिले के सिल्दा गांव के दो युवा तीरंदाज, लक्ष्मी परधिया और झोंगो पाहन, इस बात के बेहतरीन उदाहरण हैं। ये दोनों खिलाड़ी अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास के साथ न सिर्फ अपनी दिव्यांगता को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि खेल के बड़े मंचों पर भी अपनी और खूंटी जिले की पहचान बनाने की ओर अग्रसर हैं। छह से 12 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में आयोजित होनेवाली 6वीं राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में दोनों तीरंदाजी झारखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। झोंगो पाहन की स्थिति भी अलग नहीं है। उनके परिवारों की हालत बेहद कठिन है। फिर भी इन बच्चों ने अपनी मेहनत और संघर्ष से यह साबित कर दिया है कि हालात चाहे जैसे भी हों, अगर इरादा मजबूत हो तो कोई भी मुश्किल नहीं ठहर सकती। गरीबी और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, इन दोनों ने कभी अपने सपनों को मरने नहीं दिया। लक्ष्मी और झोंगो, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के तीरंदाजी केंद्र में अभ्यासरत हैं। तीरंदाजी केंद्र के कोच आशीष कुमार दोनों खिलाड़ियों की प्रतिभा से बेहद प्रभावित हैं और उनका कहना है कि दोनों युवा खिलाड़ी शारीरिक दृष्टि से भले ही दिव्यांग हों, लेकिन उनका शरीर तीरंदाजी के लिए बेहद अनुकूल और उपयुक्त है। साथ ही उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और कुछ अलग करने का जज्बा उन्हें भविष्य में बड़ी सफलता दिला सकता है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बच्चों को अंग्रेजी बोलने की दिलायी गयी शपथ



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को अंग्रेजी बोलने की शपथ दिलायी गयी। स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने नये साल में बच्चों को विद्यालय प्रांगण में अंग्रेजी बोलने की शपथ दिलायी। उन्होंने विद्यालय के वातावरण और परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए बच्चों को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी। बच्चों के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में स्वस्थ वातावरण जरूरी है। उन्होंने सभी अभिभावकों से भी स्कूल के बेहतर संचालन के लिए सहयोग की अपील किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ आर चौधरी ने स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चे और समस्त अभिभावकों को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## तमाड़ में खरसावां गोली कांड में शहादत हुए आदिवासी शहीदों के प्रति शोक दिवस कार्यक्रम



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ 1 जनवरी को तमाड़ आदिवासी समाज के लोगों द्वारा खरसावां गोली कांड में शहादत हुए आदिवासी शहीदों के प्रति शोक दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। फुटबॉल मैदान तमाड़ के डोड़ेया में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद हुए हजारों आदिवासी समुदाय के प्रति एक मिनट का मौन धारण करते हुए और प्रतिक चिन्ह के सामने पुष्प अर्पित और अगरबत्ती जलाकर नमन किया गया। वहीं भगवान बिरसा मुंडा के मुर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। इस दौरान शोक सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि एक जनवरी आदिवासी समुदाय के लिए एक काला दिवस है, दुख का दिन है। एक जनवरी हमारे लिए कभी भी नव वर्ष नहीं हो सकता है। भारत के बिहार राज्य (अब झारखंड में) के सिंहभूम खरसावां हाट मैदान में एक जनवरी 1948 को खरसावां गोली कांड हुआ था। सरायकेला और खरसावां जिले के खरसावां हाट मैदान में सरायकेला और खरसावां रियासत का ओड़िशा में विलय के खिलाफ और अलग झारखंड राज्य की मांग लेकर आदिवासियों की एक बड़ी, शांति पूर्ण भीड़, विरोध करने के लिए एकत्र हुई थी। जिन पर ओड़िशा पुलिस बल ने मशीन गन द्वारा गोलियां बरसाई गयी। डाक्टर राममनोहर लोहिया ने इसे दूसरा जलियांवाला बाग हत्याकांड कहा। हजारों निहत्थे महिला पुरुष एवं बच्चे इस गोली कांड में शहादत हुए थे जो हमारे लिए बहुत ही दुखद है। इस कांड को आदिवासी समुदाय कभी नहीं भूल सकता है। यह घटना भारत ही नहीं बरन विश्व के समस्त आदिवासियों के लिए कलंकित और काला दिवस के रूप में सदैव याद रखा जाएगा। वहीं पूर्णचंद्र मुंडा ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदायी है। ऐसे घटना और न हो इसके लिए सभी आदिवासी समुदाय के विभिन्न नाम धारी जातियों को एकजुट होकर रहना होगा। शोक सभा में मुखिया अनिता देवी ने और सुखलाल मुंडा ने भी अपना विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में हीरा मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, नारायण मुंडा, हरि मुंडा, गणेश मुंडा, अनिता देवी, शिशुपाल मुंडा, कंहाई पातर, गणेश मुंडा, महेश मुंडा, देव कुमार उरांव, सोमनाथ उरांव, सुकरा मुंडा, निर्मल पुरान, अभिमन्यु मुंडा आदि शामिल थे।

## सीता पंजा मेला कमेटी का गठन, 14 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन कालीन प्रसिद्ध सीता पंजा मेला का कमेटी गठन किया गया। मेला का संचालन के लिए चोगा, चीतरी, चीमटीया, झारूआ, चुनचुड़ीया, आदारडीह सहित दर्जनों गांवों के सहयोग से कमेटी का गठन किया गया। मेला कमेटी का अध्यक्ष अघोर प्रसाद महतो, महासचिव रंजीत प्रामाणिक, कोषाध्यक्ष अनाथ महतो और सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रफुल्ल प्रामाणिक, सचिव कमला कांत महतो सहित पांच- पांच सचिव और उपाध्यक्ष का चयन किया गया। मालूम हो कि सीता नाला में सीता पंजा मेला प्राचीन काल से मकर संक्रांति को लगता है, जहां दुर दराज से लोग मकर संक्रांति को मकर स्नान कर सीता पंजा और सीता राम मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं और मेला का आनंद लेते हैं। बताया जाता है कि माता सीता का बनवास के समय आये थे और जहां आज भी पैर का निशान मौजूद हैं। यहां बारहों महीने दुर दराज से श्रद्धालु आते हैं और मन्नतें करते हैं और मन्नतें पूरी होने पर लड्डू, चुड़ी, सिंदूर आदि देकर पूजा अर्चना करते हैं। वहीं उप मुखिया संतोष सिंह ने बताया कि हल वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला का संचालन के लिए संचालन कमेटी का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से यह मेला मकर संक्रांति के दिन लगता है। मेला में झुमर डांस, पाता नाच सहित कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां माता सीता का पंजा नदी के अंदर एक पत्थर पर अवस्थित है,जो लोगों का आस्था का केंद्र बींदु है। यहां लोग मन्नतें मांगते हैं और पुरा भी होता है। उन्होंने कहा कि सरकार अगर इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर दे तो यहां पर्यटकों का आने का काफी संभावना हो सकता है और लोगों का रोजगार भी सृजन हो सकता है। मौके पर हृदय रंजन महतो, क्षेत्रपति महतो, राजेंद्र गोप, रमेश रेवानी, भीष्म देव महतो, सुखराम सिंह मुण्डा, बिभूति भूषण महतो, प्रिय रंजन महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण


आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की।

उन्होंने इवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली। वेयर हाउस के निरीक्षण से संबंधित दिशा निर्देश के आलोक में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी उन्होंने निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## अली अराफात ने शिक्षा मंत्री को नववर्ष की बधाई दी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य सह सिंबायोसिस विद्यालय के डायरेक्टर अली अराफात ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। और शिक्षा के व्यापक और उच्चतर नव निर्माण में सहभागिता पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

## उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर खूंटी में अनाथ बच्चों को दिया कंबल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सर्दी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए अनाथ बच्चों के बीच गुरुवार को कंबलों का वितरण किया गया। खूंटी प्रखंड के सहयोग विलेज और आशा किरण में रह रहे बच्चों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी समेत अन्य अधिकारियों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें कंबल प्रदान किये। इस मानवीय पहल का उद्देश्य ठंड से बचाव के साथ-साथ बच्चों में सुरक्षा और आत्मीयता का भाव जगाना है। जिला प्रशासन ने इस प्रयास के तहत समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और समर्पण का परिचय दिया है। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जरूरतमंदों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभायें।

## बिरहोर परिवारों के बीच उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने किया कंबल का वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड के मद्देनजर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को अड़की प्रखंड के सोसोकुटी स्थित बिरहोर बस्ती में बिरहोर परिवारों के बीच कंबल वितरित किये। इसका उद्देश्य ठंड के मौसम में बिरहोर समुदाय को राहत प्रदान करना था। इस दौरान उपायुक्त ने बस्ती के निवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को जाना। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। बिरहोर परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। बिरहोर बस्ती के निवासियों ने उपायुक्त का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस पहल से ठंड के मौसम में उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीा उपस्थित थे।

## 91 वर्ष पूरा होने पर पूर्व शिक्षक पशुपति नाथ महतो का जन्मदिन मनाया गया



**राहे (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र के सताकी निवासी पूर्व शिक्षक और वरिष्ठ समाजसेवी पशुपति नाथ महतो के 91 वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया। ग्रामीणों द्वारा पशुपति नाथ महतो को अंगवस्त्र देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया। ज्ञात हो कि महतो लम्बे समय तक शिक्षक के रूप में कार्य किया। सेवानिवृत्त होने के बाद वर्ष 2000 में सिल्ली विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़े। उसके बाद पेंशनर समाज, बुद्धिजीवी मंच जैसे विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थानों से जुड़कर निरंतर कार्य करते रहे हैं। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व शिक्षक और बुद्धिजीवी मंच के दुर्लभ महतो, रामेश्वर महतो, गीता मेहता, कुमारी चिकू, शम्भूनाथ महतो, राकेश कुमार महतो, सुमंत कुमार, मेघनाथ, राजकुमार महतो, कैलाश, पंकज कुमार, फलीन, जन्मेंजय महतो, सुखराम महतो, दिनेश, किशोर समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था



**सोनाहातु (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र में अत्यधिक ठंड को देखते हुए अंचल अधिकारी द्वारा अलाव की व्यवस्था चौक चौराहा पर की गयी है। गौरतलब है कि एक-दो दिन से ठंड में अत्यधिक वृद्धि हुई है इसको लेकर सोनाहातू बाजारटांड़ के परिसर में भीड़ भाड़ वाले जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है, जिसमें लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

## आपसी विवाद में पत्नी की हत्या की


**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चौका थाना क्षेत्र के महादेवबेड़ा मे आपसी विवाद में मशी प्रकाश पूर्ती ने अपना पत्नी सोमवारी पूर्ती को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दिया है। घटना बीते बुधवार देर रात की है। घटना की सूचना पर चौका पुलिस पहुंचे और मामले की छानबीन कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने जानकारी दिया। पुलिस मामले की पूरी जांच कर रहा है।

## पिछले दो तीन दिनों से हाड़ कंपाने वाली ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पिछले दो तीन दिनों से हाड़ कंपाने वाली ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन भर ठंड का असर पड़ा साथ ही तेज हवा से ठंड पड़ने की रिकार्ड को तोड़ दिया। लोगों का घरों से निकलना नासुर बन गया। सुबह दस बजे के बाद ही लोग घरों से निकल पाये ठंडी हवा ने फिर उन्हें घर जाने की नसीहत दे डाली। हर घरों में सर्दी खांसी बुखार ने दस्तक दी है बच्चे बुढ़े नौजवान महिला सभी इसके शिकार हो गये है। चारों ओर कोहरा छाया रहता है शीत लहरी जोरों से पकड़ लिया है। रात में शीत गिरने से और अधिक ठंड का एहसास हो रहा है। पीने का पानी लोग गर्म करके पी रहे हैं जानवरों की इस हाड़ कपावन ठंड ने आफत कर रखा है। लोग असमय ही ठंड से काल के गाल में समा जा रहें हैं। ठंड से दमा, हार्ट, सुगर, टीवी के मरीज ससकित है। वे करें तो क्या करें मौसम के मार को रोक पाना कठिन है। रोज कमाने खाने वालों की आफत हो गयी है सरकारी दफ्तरों में दोपहर बाद ही इक्के दुक्के लोग दिखाई दे रहे हैं। सभी काम काज ठप्प पड़े हैं नये साल का स्वागत ने इस भीषण ठंड ने फीका कर दिया। शाम को चार बजे के बाद लोग घरों में दुबक जा रहें हैं। बाजार हाटों में सन्नाटा पसरा हुआ है। गर्म कपड़ों की अचानक बिक्री बढ़ गयी है, लोग साग सब्जियों से परहेज कर रहे हैं लोगों को ठंड लग जाने का डर सता रहा है। कंबल से भी ठंड नहीं मान रहा है लोग रजाई के अंदर घुसकर ठंड से निजात पा रहे हैं। विधालय में अभिभावक बच्चों को नहीं भेज रहे हैं तालाब का पानी में लोग नहीं नहा पा रहे हैं। इस ठंड से कब निजात मिलेगी यह तो समय ही बतायेगा।

## कुआं में डूबने से एक युवक की मौत




बेड़ो (आजाद सिपाही)। बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो ढंवठाटोली गांव में कुआं में डूबने से एक 28 वर्षीय युवक सुरेश उरांव पिता स्व मधु उरांव की मौत हो गयी। घटना बुधवार की रात की है। इस संदर्भ में मृतक की पत्नी प्रमिला कुमारी ने बेड़ो थाना में एक यूडी केस का मामला दर्ज कराया है। बेड़ो पुलिस को दिये गये आवेदन में मृतक की पत्नी प्रमिला कुमारी ने कहा है कि उनके पति सुरेश उरांव बुधवार की देर रात पिकनिक पार्टी मनाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे गांव के ही एक कूंआ में गिर पड़े। जिससे उनकी मौत हो गयी। इधर घटना की सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया रमेश उरांव बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई आशीष रंजन सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। बेड़ो पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर लिया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स भेजा जाएगा। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर सुरेश उरांव की मौत के बाद उसकी पत्नी प्रमिला व छह वर्षीय बेटा हर्ष उरांव के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां बेटा और स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## ओरमांझी में ईचादाग के बड़का पहाड़ के पिपरा झरना में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ओरमांझी के ईचादाग गांव के बड़का पहाड़ पर पिपरा झरना के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव ओरमांझी पुलिस के द्वारा बरामद किया गया है। जिसकी उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच में बतायी जा रही है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा उक्त शव को कब्जे में लेकर शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी से मृतक के संबंध में पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि हत्या है या स्वाभाविक मौत, यह अनुसंधान का विषय है। पोस्टमार्टम के बाद ही बताया जा सकता है।

# गेतलसूद तालाब का सौंदर्यीकरण और छठ घाट का होगा निर्माण: डॉ प्रदीप वर्मा


आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गेतलसूद तालाब का सौन्दर्यीकरण कराकर छठ घाट का निर्माण कराया जायेगा। उक्त बातें राज्यसभा सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरूवार को गेतलसूद तालाब के निरीक्षण के क्रम में कहा। मौके पर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार साथ में थे। डॉ. वर्मा ने कहा कि गेतलसूद तालाब के चारों तरफ पीसीसी पथ, गार्डवाल, तालाब की साफ-सफाई, चारों तरफ सोलर लाइटिंग सिस्टम लगाया जायेगा। साथ ही छठ घाट के लिए सीढ़ी का निर्माण कराया जायेगा। प्रयास है कि इस तालाब को आदर्श रूप दिया जा सके। इस कार्य में सांसद फंड राशि के अलावा अन्य सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियों से मदद ली जाएगी। जैलेंद्र कुमार ने बताया कि गेतलसूद तालाब पूरी तरह से जीवंत तालाब है। गरमी में भी यहां जलस्तर यथावत रहता है। साथ ही तालाब के बगल में शनि मंदिर और हनुमान मंदिर का निर्माण कराया जायेगा, जिससे अन्य धार्मिक अनुष्ठान हो सके। दशकों से तालाब की सफाई नहीं हुई है। तालाब की साफ-सफाई होने से मछलीपालन को बढ़ावा मिलेगा। कई लोगों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, भाजयुमो अनगड़ा अध्यक्ष संतोष महतो, उपमुखिया शंकर बैठा, शिकारी महतो, बिनोद चौधरी, राहुल महतो, वीचा उरांव उपस्थित थे।



तालाब का निरीक्षण करते राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार।

# कार असंतुलित होकर पलटी, छह घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** नव वर्ष के अवसर पर घघारी जलप्रपात से पिकनिक मनाकर लौट रहे छह दोस्तों से भरी स्वीप्ट डीजायर कार तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गयी। जिसमें दो लोगों को गंभीर चोट लगी, जबकि चार लोगों को हल्की-फुल्की खरोच आयी है। घायलों में अमन, रितेश, आकाश, अशोक, राजेश और राहुल शामिल हैं। सभी घायल रांची हरमु के रहने वाले हैं। लापुंग के घघारी धाम से देर रात के बीच पिकनिक मना कर लौट रहे थे। इसी दौरान घघारी धाम सड़क पर ही दुर्घटना घटी। वहीं जानकारी मिलने के बाद लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सदल बल घटना स्थल पर पहुंचीं। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से हॉस्पिटल भेजा। साथ ही जब्त कर दुर्घटना ग्रस्त कार को लापुंग पुलिस टर्बो ट्रक में लादकर लापुंग थाने ले गयी।

## 7 से एयरमैन की भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय वायु सेना में एयरमैन की भर्ती के लिए बिहार और झारखंड राज्य से योग्य युवक-युवतियों के चयन के लिए अग्निवीर वायु इंटेक 01/2026 के तहत रजिस्ट्रेशन 7 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से 27 जनवरी 2025 को रात 11 बजे तक चलेगा। उम्मीदवार का जन्म 01.01.2005 से 01.07.2008 के बीच हुआ होना चाहिए। भर्ती के लिए आवश्यक शारीरिक और शैक्षणिक योग्यता आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है और अप्लाई किया जा सकता है।

### नया साल का जश्न मनाने रांची गया था फल विक्रेता

# लाखों के जवेरात और नकद ले उड़े चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** न्यू ईयर सेलिब्रेशन में आम नागरिक व्यस्त थे और रामगढ़ शहर में चोर उनके घरों को अपना निशाना बना रहे थे। शहर के कोयरी टोला में एक फल विक्रेता के घर को भी चोरों ने खाली कर दिया। उसके घर से लाखों रुपये के जेवर और 48000 रुपये नगद की चोरी कर ली। इस मामले में घर के मालिक राजेश कुमार ने गुरुवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसकी पत्नी सुगंधा देवी 27 दिसंबर को अपने मायके बुंडू रांची गयी हुई थी। 1 जनवरी को नये साल का सेलिब्रेशन करने वह भी अपनी पत्नी के पास गया था। गुरुवार की सुबह राजेश के पिता जब उसके घर में पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। राजेश ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी घर वालों से लेकर छानबीन में जुट गयी। वहीं, आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गयी है। रामगढ़ शहर में लगातार हो रही चोरी पुलिस की निष्क्रियता बयां कर रही है। शहर का कोई ऐसा कोना नहीं बचा है, जहां चोरों ने घरों को खाली ना किया हो। रामगढ़ पुलिस चोरी की वारदातों के बाद सिर्फ लकीर पीटती नजर आ रही है। किसी भी वारदात का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। ना ही किसी कांड में चोर पकड़े गये हैं। रामगढ़ पुलिस वैसे तो लगातार पेट्रोलिंग करने और रात्रि में नजर रखने का दावा करती है, लेकिन हकीकत इससे ठीक उलट है। मोहल्ले में ना तो पुलिस की गाड़ियां पहुंच रही हैं और ना ही चोरों में पुलिस का कोई भय दिखायी दे रहा है।

**इन सामानों की हुई चोरी**

राजेश ने बताया कि उसके घर से 48000 नगद और लगभग चार लाख रुपये की जेवर चोरी हुए हैं। इसके अलावा एलइडी टीवी और कीमती बर्तन भी चोरों ने उड़ा लिया है। चोरी के जेवर में दो पीस सोने का हार, कान का झुमका, नथिया, मांग टीका, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, चांदी का पायल तीन जोड़ा शामिल है।

# दिव्य कलश ज्योति रथ इटकी पहुंचा, उमड़ी भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी के श्री जगन्नाथ महा ऊं मंदिर परिसर में गुरुवार की शाम पांच बजे हरिद्वार से चले माता गायत्री परिवार की दिव्य कलश ज्योति रथ पहुंच गया है। दीप यज्ञ प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। आचार्य अनिल कुमार के द्वारा गायत्री मंत्र पर अधारित अध्यात्म पर विशेष प्रवचन किया गया। प्रवचन श्रवण करने सैकड़ों श्रदालुओ पहुंचे थे। इसके बाद महाआरती, प्रसाद वितरण और भंडरा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व रथ के साथ पहुंचे गायत्री परिवार के संतों को फूल का माला पहना कर स्वागत किया गया। संतों की टोली में जय नारायण, प्रमोद कुमार, शंकर, अशोक, विजय सहित गायत्री परिवार दर्जनों श्रद्धालु शामिल हैं। कार्यक्रम में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कृष्णा राम तिवारी, अमित कुमार, नंद किशोर मेहता, आलोक केशरी सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्तगण उपस्थित थे। यहां रात्रि विश्राम के बाद कल शुक्रवार को दिव्य ज्योति कलश अन्यंत्र स्थलों के लिए प्रस्थान करेगा। आचार्य अनील कुमार ने जानकारी दी कि दिव्य ज्योति रथ का शुरूआत वर्ष 1926 से हरिद्वार से प्रारंभ हुआ था और वर्ष 2026 तक माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष तक पूरे भारत ही नहीं पूरे विश्व में भ्रमण करेगा।



## खलारी बीडीओ ने मनरेगा और अबुआ आवास योजना को लेकर की समीक्षात्मक बैठक



समीक्षा बैठक करते खलारी बीडीओ संतोष कुमार।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरूवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा और अबुआ आवास योजना को लेकर समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान बीडीओ ने पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यो और अबुआ आवास योजना के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होने पुरानी योजनाओं को बंद करने, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन, कार्य के दौरान और समाप्ति पर जिओ टैग करने, एरिया ऑफिसर ऐप, बिरसा सिंचाई कूप सहित अन्य लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता रमेश गुप्ता, रवि रंजन सहित पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

# हहाप पंचायत में सामूहिक पिकनिक और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत हहाप पंचायत के चरना बेड़ा मैदान में गुरुवार को हर वर्ष की तरह नव वर्ष के अवसर पर सामूहिक पिकनिक सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन गांव की कमिटी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 और 200 मीटर दौड़, साइकिल रेस, महिलाओं के लिए घड़ा फोड़ और कुर्सी रेस, पुरुषों के लिए फुटबॉल मैच, बच्चों के लिए बलून फोड़ और बिस्किट रेस समेत कई अन्य खेलों का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया नन्हे कच्छप ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव के लोगों में जागरूकता और एकता बढ़ाने के साथ-साथ गांव के विकास में मददगार साबित होता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए बधाई दी। देर शाम सामूहिक पिकनिक के बाद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस आयोजन ने गांव में एक सामूहिकता का माहौल बनाया और सभी ने कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य मादी टोप्पो, विनोद टोप्पो, दुकमा कच्छप, मदन तिग्गा, शुकरा लकड़ा, मनोज लकड़ा, जगना नाग, प्रमोद तिर्की, सुरेश कच्छप, सुषमा टोप्पो, सुनीता नाग, ममता कच्छप, प्रिया खलखो और अंगाथा कच्छप समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## तमाड़ प्रखंड में ठंड से एक युवक की मौत



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के खकसीडीह डोरेया गांव के राम चरण अहीर 55 वर्ष की ठंड से बीती रात मौत हो गयी। वह घर के बाहर सोया था। सुबह मृत पाया गया।

## गागर सोतिया मेला आज

तमाड़ (आजाद सिपाही)। गागर सोतिया मेला रांची-टाटा रोड के सामने और सरलोंगा में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में तमाड़ के पूर्व विधायक एवं मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर शरीक होंगे। यह जानकारी नुरीडीह के ग्राम प्रधान ने लक्ष्मण सिंह मुंडा ने दी।

# बोरिंग और सोलर पास होने का झांसा देकर किसान से 68 हजार की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा लोगो को ठगी से बचने के लिए लगातार जागरूक किये जाने के बाद भी लोग ठगी का शिकार होने से बच नही पा रहे है।वहीं साइबर ठग के नये नये कारनामे कर लोगो को आसानी से ठगी का शिकार कर ले रहे है। ताजा मामला रायडीह थाना क्षेत्र के लुरु गांव निवासी 25 वर्षीय किसान हरिशचन्द्र सिंह से साथ घटी है। साइबर ठगों ने किसान हरिश्चन्द्र से कृषि विभाग रांची के नाम पर बोरिंग और सोलर पास होने का झांसा देकर विभिन्न किस्तों में 68 हजार की ठगी कर ली है। गुरुवार को उसने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर ठगी किये जाने की शिकायत करते हुए साइबर ठगों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिए आवेदन में किसान ने कहा है कि 3 सितम्बर 2024 को उनके मोबाइल नंबर पर 8114553943 और 9905614519 मोबइल नंबर से दो कॉल आया था। कॉल करने वाले ने उन्हें अपना नाम सुमित्रा कुमारी और राहुल कुमार बताया था। और दोनो ने कहा था कि वे लोग कृषि विभाग रांची से बोल रहे है। साथ ही उन्हें कहा था कि कृषि विभाग से उनका बोरिंग और सोलर मशीन पास हुआ है। आपको सभी दस्तावेज जमा करना है। साथ ही 6 हजार रुपया जमा करना होगा। इसके बाद किसान अपने एक दोस्त के मोबाइल से उन्हें छह हजार रुपया जमा कर दिया गया था। छह हजार जमा करने के बाद साइबर ठगों के द्वारा उन्हें ऑनलाईन खाता खुलवाया गया। और कहा गया कि 3 लाख 75 हजार उनके खाता में जमा होगा।



## पिपरवार के चंदन गुफा धाम में 12 फरवरी को जतरा का होगा आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के खरपा चट्टान स्थित चंदन गुफा धाम में गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बिगल टाना भगत और संचालन करण कुमार महतो ने किया। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंदन गुफा धाम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर जतरा मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी 12 फरवरी को चंदन गुफा धाम मे जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया एवं इसके सफल संचालन को लेकर समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए ग्रामीणों की अगली बैठक 5 जनवरी को रखी गयी है। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक वर्ष चंदन गुफा धाम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर जतरा मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के क्षेत्रो के अलावा दूर दराज के लोग भी इसमें शामिल होते हैं।बैठक में मुख्य रूप से बिगल टाना भगत, इकबाल हुसैन, रामे टाना भगत, विश्राम टाना भगत, करण कुमार महतो, बिरु मुंडा, जुलफान अंसारी, बाबुलाल, बुधदेव टाना, जया, राजु, जय प्रकाश महाराज, बिनोद, परमेश्वर, रामदेव, जगदीश भगत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बेड़ो में कड़ाके की ठंड और कुहासे से फसलों को भारी नुकसान, कीमत में गिरावट से किसान चिंतित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नये वर्ष की शुरूआत कड़ाके की ठंड व कुहासे से हुई है। लगातार कुहासा व ठंड पड़ने से आम जनजीवन पुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं मौसम का व्यापक असर फसल पर भी पड़ना शुरू हो गया है। प्रखंड क्षेत्र में घने कोहरे के कारण खेतों में लगी सब्जियों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान फूलगोभी पत्ता गोभी, आलू, मटर, टमाटर और फ्रेंचबीन की फसल को हुई है। वहीं गोभी, आलू के पत्ते व मटर के फूल झुलस रहे हैं। जिससे कम पैदावार होने की उम्मीद है। जिसके नुकसान होने से किसान काफी चिंतित हैं। उपज कम होने से किसान की आमदनी भी प्रभावित होगी। प्रखंड के किसानों पवन कुमार, पंकज कुजुर, विशेश्वर उरांव, बलदेव महतो, ब्रजेश महतो, ईश्वर महतो, दिनेश महतो, गोपाल महतो, राजेंद्र महतो और खड़ी उरांव का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में आलू व मटर समेत अन्य सब्जी की खेती भारी मात्रा में की जाती है। यहां उत्पादित सब्जी अन्य राज्यों में भी भेजा जाता है। वहीं ठंड और कुहासे के कारण सब्जी के फसल को काफी नुकसान हो रहा है।




**खेतों में लगी सब्जी से नहीं निकल पा रही लागत मूल्य :** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सब्जियों के उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वहीं कुहासे से खेतों में सब्जियां खराब हो रही हैं। किसान कृषि उत्पादों में फूलगोभी, बंधागोभी और टमाटर को बेड़ो, इटकी और नगड़ी की बाजार लेकर जाते हैं। यहां थोक भाव से मात्र पांच रुपये किलोग्राम में ये तीनों फसल बिक रही हैं। किसानों ने बताया कि इससे खेती में लगी पूंजी तक नहीं निकल रही है। वहीं किसानों ने बैंक से केसीसी लोन लेकर सब्जी सहित अन्य फसलों की खेती की है। फसल खराब होने व कम कीमत मिलने से लोन चुकाने में दिक्कत होगी। बेड़ो कृषि प्रधान क्षेत्र है। नगड़ी टोली के कृषक मित्र पवन कुमार ने कहा कि कम कीमत होने से किसानों के फसल खेतों में बर्बाद हो रहे हैं। वहीं किसान खेतों में लगे फसल को तोड़कर कम कीमत में बेचने को मजबूर हैं।

# सात जनवरी से पूर्व असंगठित मजदूरों की मांगें पूरी नहीं की गयी, तो होगा आंदोलन : लखनलाल महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन, यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन और बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की सयुंक्त बैठक (वार्ता) हुई।इस बैठक में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो भी शामिल हुए। इस बैठक में असंगठित मजदूरों के द्वारा 7 जनवरी से किया जाने वाले बचरा साईडिंग मे हड़ताल को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को सौंपे गये पांच सूत्री मांग पत्र पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बचरा साईडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ देने, पीएफ कटौती, फार्म डी में हाजरी बनाने और बकाया बोनस भुगतान करने सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गयी। बैठक मे सीसीएल प्रबंधन के द्वारा जल्द ही संबंधित कंपनी से बात कर पुनः वार्ता आयोजित कर मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन के द्वारा 7 जनवरी से होने वाले हड़ताल को स्थगित करने की अपील की गयी, जिसे खारिज करते हुए जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो ने कहा कि 7 जनवरी से पूर्व असंगठित मजदूरों की मांगे पूरी नहीं की गयी, तो मजदूरों के द्वारा आंदोलन किया जायेगा। वहीं प्रबंधन के द्वारा 2 से 3 दिन के अंदर पुनः वार्ता कर मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।इस वार्ता में प्रबंधन की ओर से कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, सीएचपी/ सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो सहित यूनियन की ओर से लखनलाल महतो, कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, विमल महतो, मोहम्मद रहमतुल्लाह, दिनेश भर, कृष्णा चौहान, रामजीत राम, चमन महतो, बिजली महतो, मुंशी महतो, रविंद्र महतो, दिलीप चौधरी, चिंतामण महतो, भोला महतो, जयशंकर चौधरी, लटन महतो सहित कई लोग मौजूद थे।



## मनातू थाना पुलिस ने पांच एकड़ और पांडू पुलिस ने दो एकड़ में लगे अवैध पोस्ता खेती किया विनष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झांटी के जंगल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 05 एकड़ में अवैध रूप से की गयी पोस्ता की खेती को विनष्ट किया।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में छापा मारा और बड़ी मात्रा में अवैध पोस्ता की खेती का खुलासा किया। टीम ने मौके पर ही फसल को नष्ट कर दिया और संबंधित मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को चेतावनी दी है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। जिले में नशे के खिलाफ छेड़े गये अभियान के तहत यह कार्रवाई की गयी है।

पलामू एसपी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके। वहीं पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम सिलदली में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग दो एकड़ क्षेत्र में फैली अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से की गयी।

**कार्रवाई का विवरण :** पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध फसल की पहचान की और उसे तुरंत नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान पुलिस बल ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अवैध खेती में लिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



### पलामू पुलिस की अपील

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अवैध खेती या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

## चैनपुर-नेवरा मार्ग को मरम्मत करवाने का वित्त मंत्री ने दिया आश्वासन : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पद के साथ भी पद के बाद भी हमेशा निगम में सक्रिय रहने वाली मेदिनीनगर की प्रथम महापौर 2025 नव वर्ष की शुरूआत जनहित के कार्यों से प्रारंभ किया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर सबसे पहले छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली चैनपुर-नेवरा मुख्य रोड को दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया और बताया जब भी इस रोड को बनाने की बात होती है वर्षों से यह कहकर टाल दिया जाता है कि इसका एस्टीमेट बन गया है जल्द फंड उपलब्ध होते ही टेंडर होगा लेकिन दिन पर दिन रोड और भी भयावह स्थिति में होते जा रही है। महिलायें, छात्रायें और खासकर प्रेग्नेंट महिलाएं उस रोड में कई बार टेंपो पलटने की वजह से दो किलोमीटर दूर घूम कर ग्रामीण रास्तों से शहर आ जा रही है, सड़क के किनारे बने दुकानों में बैठकर व्यवसाय करने वाले व्यवसाई धूल उड़ने की वजह से बीमार भी पड़ रहे हैं साथ ही साथ बरसात में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और छत्तीसगढ़ से आने जाने वाले लोगों के मन में रोड की दुर्दशा देखकर हमारे राज्य एवं शहर के प्रति नकारात्मक छवि भी बन रही है। प्रथम महापौर की बातों को सुनकर मंत्री ने तुरंत एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पीडब्ल्यूडी को आदेश दिया कि सात दिनों के अंदर इस रोड का बेहतरीन तरीका से रिपेयर का एस्टीमेट बनवाएं फंड की चिंता ना करें मैं दूंगा। फंड 15 दिनों के अंदर इस रोड का काम लगाये। प्रथम महापौर ने शहर के बीचों बीच स्थित दीनदयाल मार्ग खुलवाने की भी बात करते हुए कहा कि इस मार्ग का बंद हो जाने से जेलहाता के लोग को बाजार आने जाने के लिए काफी घूम कर आना जाना पड़ता है। इस मार्ग को जुडको द्वारा पारित पार्क नक्शे में बंद कर दिया गया है जिसे मैंने कई बार खुलवाने का प्रयास की पर पूर्णतः नहीं खुलवा सकी। अतः इस मार्ग को पहल कर पूर्ण रूप से खुलवा दिया जाए ताकि आवागमन सुगम हो सके। मंत्री ने विषय को गंभीरता से लेते हुए स्वयं जाकर देखने एवं मार्ग को चालू कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि रोड़ नागरिकों की सुविधा के लिए बनायी जाती है, बंद करके परेशान करने के लिए नहीं जल्द रोड़ चालू होगा।



## लगान रसीद निर्गत करने में आरही समस्या को लेकर सभी अंचलों में 7 और 10 जनवरी को लगाया जायेगा विशेष कैंप

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के सभी अंचलों में 7 और 10 जनवरी को लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों के निराकरण को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप के दौरान आवेदकों से लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों के निराकरण हेतु आवश्यक कागजात के साथ आवेदन लिया जायेगा। वहीं प्राप्त सभी आवेदनों को कैंप में ही अंचल ऑपरेटर/सीएससी ऑपरेटर के द्वारा परिशोधन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा, तत्पश्चात सभी कागजातों की संपूर्ण जांचोप्रांत लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों का निराकरण कर परिशोधन पोर्टल पर अपलोड भी किया जायेगा, ताकि आवेदक को अपना-अपना ऑनलाइन लगान रसीद कटवाने में सहूलियत हो सके। डीसी ने आमजनों से लगान संबंधी कार्य को लेकर आवश्यक कागजातों संग कैंप में पहुंचने की अपील की : इस संबंध में जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने आमजनों से 7 और 10 जनवरी को लगान संबंधी कार्य को लेकर अपने स्थानीय अंचल कार्यालय में पहुंचने की अपील की है।उन्होंने कहा कि इस कैंप के माध्यम से लगान रसीद से जुड़ी समस्या का ऑन स्पॉट परिशोधन पोर्टल पर एंट्री कर उसका निराकरण किया जाएगा।उन्होंने आमजनों से लगान रसीद से जुड़ी सभी प्रकार के आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ इस विशेष कैंप में भाग लेने की अपील की है।

## रजक समाज ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को श्राद्ध कार्य के लिए किया सहयोग



मृतक के परिजनों के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत महूदण्ड पंचायत के महुडंड गांव निवासी ललन बैठा का निधन बीते दिनों हो गयी थी। श्राद्ध कार्य के लिए गुरुवार को हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, कोशी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रमोद कुमार रजक, अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत रंजन, जयश्री बैठा, विकास कुमार महूदण्ड गांव पहुच कर परिजनों से मिल दुःख संवेदना व्यक्त कर परिजनों को सहायता दिया। इस मौके पर कृष्णा बैठा ने कहा कि ललन बैठा का कुछ दिन पहले मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद जानकारी मिली की उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, ललन बैठा अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व तीन पुत्री को छोड़ गए है। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए आगे भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर ललन बैठा की पत्नी सरस्वती देवी, दिनेश रजक, श्रवण कुमार, राजेश्वर बैठा, ज्ञानू रजक, पनु रजक आदि उपस्थित रहे।

## पीएम आवास के लिए मुखिया और पंचायत सचिव पर रिश्वत मांगने का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुगांवा पंचायत निवासी नेहा कुमारी पति दीपक पांडेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया हैं कि पंचायत की मुखिया धनवंती देवी पति दिलीप पासवान और पंचायत सचिव योगेंद्र राम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को मिल रहें आवास में लाभुक को योग्य करने के लिए 20 हजार रुपये का रिश्वत की मांग लाभुक से किया गया और जब लाभुक द्वारा इसका विरोध किया गया, तो मुखिया और पंचायत सचिव ने मिलकर योग्य लाभुक के द्वारा रिश्वत नहीं दिये जाने पर अयोग्य कर दिया गया। जिसकी शिकायत करते-करते लाभुक थक चुकी हैं। लाभुक नेहा कुमारी को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किस अधिकारी के पास जायें की प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सकें।

## 27 होल्डिंग बकायेदारों का अकाउंट फ्रिज करने के लिए नपं ने दी बैंको को लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत ने होल्डिंग टैक्स बकाएदारों के विरुद्ध बैंक अकाउंट नंबर फ्रिज करने का कार्रवाई शुरू कर दी है। इसकी जानकारी देते हुए नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने गुरुवार को बताया की संबंधित व्यक्ति के नाम,आधार संख्या,मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर उनके अकाउंट नंबर को फ्रीज करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड नगरपालिका एक्ट के तहत बकाएदारों के नाम का बैंक खाता समेत अन्य वित्तीय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारण हो जब्त कर बकाया राशि की वसूली का प्रावधान है। अकाउंट नंबर फ्रिज करने के लिए एसबीआई, जेआरजीबी,कैंनरा और एक्सिस बैंक को दे दिया गया है।उन्होंने बताया कि 200 से अधिक लोगों को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। वहीं उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस की राशि से ही शहर का विकास होता है। चाहे सड़क, नाली या गली हो सभी होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस की राशि से ही विकास होता है।

### इन 27 होल्डिंग बकायेदारों का खाता फ्रिज करने का अनुरोध किया गया है

वार्ड नंबर 4 में कृष्णा प्रसाद, जीवन प्रसाद जायसवाल, रामस्वरूप प्रसाद, मनोज कुमार, अरुण प्रसाद, मनोज कुमार, संतोष प्रसाद जायसवाल, वार्ड नंबर 5 में धर्मशिला देवी, उदित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वार्ड नंबर 6 में पार्वती देवी, प्रेम कुमार सिंह, अरुण प्रसाद व अन्य, वार्ड नंबर 7 में अखौरी माहेश्वरी चरण, नंदकिशोर प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद जायसवाल, नंदकिशोर प्रसाद, वार्ड नंबर 8 में अब्दुल कयूम, रामाधार प्रसाद जायसवाल, कृष्ण प्रसाद वार्ड नंबर 9 में लीलावती देवी, गुंजन राज, अरुण प्रसाद, वार्ड नंबर 11 में बासमती देवी, वार्ड नंबर 13 में अब्दुल रजाक,वार्ड नंबर 14 में संजय कुमार, सुरेश कुमार और वार्ड नंबर 15 में श्री केश्वर प्रसाद गुप्ता आदि होल्डिंग टैक्स धारकों का आधार से लिंक खातों में किसी भी प्रकार की निकासी पर रोक लगाते हुए खाते को फ्रिज करने का अनुरोध किया गया है।

## कई प्रखंडों में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली का किया गया आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची द्वारा आत्मा कार्यालय पलामू में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसान और कृषक कर्मियों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को बताया गया कि एनपीएसएस ऐप की मदद से वो अपने खेत में लगने वाले कीट रोग की पहचान कर ऐप में दी गयी सलाह को अपनाकर कीट रोग नियंत्रण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट बीमारियों और उनके प्रबंधन हेतु विभिन्न आईपीएम तकनीक, बीजोपचार, मित्र कीट की पहचान और संरक्षण, कीटनाशक लेवल, चर्चा की गयी। कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, जिला कृषि अभियंता प्रकाश कुमार झलखो, उप परियोजना निदेशक प्रवीण राज, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची कार्यालय से कार्यालय प्रमुख वनस्पति संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एचपी, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार सालवे, तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन और पूर्णेंद्र मिश्र, आत्मा पलामू कार्यालय के अन्य सदस्य और जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसान और कृषक कर्मी उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अब तक नहीं हुआ कंबल का वितरण, ठंड से लोग परेशान

### बीडीओ ने कहा आवंटन मिलते ही वितरण किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। रात्रि में सर्द हवा चल रही है। इसके कारण क्षेत्र में दिन प्रतिदिन ठंड बढ़ रही है। ठिठुरन भरी रात गरीबों और असहायों को बिताना काफी मुश्किल है। लेकिन अबतक प्रशासन की ओर से गरीबों को कंबल नहीं मिला है। जबकि बीते वर्ष दिसंबर के पहले सप्ताह में ही गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर दिया गया था। लेकिन इस बार अब तक ऐसी कोई पहल होती नहीं दिख रही है। कंबल नहीं मिलने से गरीबों के समक्ष परेशानी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार तापमान अभी और गिरने की संभावना है। यदि क्षेत्र में तापमान काफी नीचे गिर गया तो गरीबों को ठंड को झेलना मुश्किल हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा विभाग से प्रत्येक साल ठंड में गरीबों के बीच कंबल वितरण किया जाता था। सरकार की ओर से हर साल हजारों कंबल वितरण किया जाता है। इसके अलावा समाज सेवी लोग अपने स्तर से कंबल वितरण करते हैं। जरुरत मंदो को कंबल मिलने से गरीबों को काफी राहत होती थी। लेकिन इस साल पूरा दिसंबर बित गया। पर अब तक न तो सरकार के स्तर से गरीबों के बीच कंबल वितरण शुरू किया गया और न ही समाजसेवियों की ओर से कंबल बांटने की पहल की गयी है। इस सबंध में हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से अभी तक कंबल उपलब्ध नहीं हुआ है, आवंटन मिलते ही कंबल का वितरण किया जायेगा।

## आवास आवंटन में भारी अनियमितता

### तीस हजार रुपये लेकर अयोग्य लोगों को आवास देने का आरोप

### ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखा पत्र, जांचोपरांत कार्रवाई की मांग, मामला बाघमनवा पंचायत का

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड के बाघमनवा पंचायत में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि योग्य लाभुकों के बजाए अयोग्य लोगों को आवास आवंटित किया गया। इसके लिए लोगों से तीस से चालीस हजार रुपये तक वसूला गया। इतना ही नहीं पति और पत्नी दोनों को इस योजना का अलग अलग लाभ दिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को एक आवेदन देकर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। उपयुक्त को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2018 - 19 में सुरेंद्र राम को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया गया। वहीं उसकी पत्नी मंजू देवी को वित्तीय वर्ष 2024 -25 में अबुआ आवास आवंटित कर दिया गया। इसके अलावा गांव के कुछ संपन्न लोग जो बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में पक्का मकान बनवाकर रह रहे हैं,उन्हें भी अबुआ आवास आवंटित किया गया है। उक्त कुछ मामले तो बानगी मात्र हैं,गहनता से जांच हो तो कई और मामला भी प्रकाश में आयेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मामले की जांच करायी जायेगी।

# स्पोर्ट्स



मनु भाकर, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न, 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, इसमें 17 पैरा-एथलीट, 5 कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिलेगा। 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में अवॉर्ड सेरेमनी होगी।

## श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 में हराया

### कीवियों ने 2-1 से जीती सीरीज, कुसल परेरा की सेंचुरी, असलंका को मिला 3 विकेट

एजेंसी




**नेल्सन।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में 7 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। इस जीत के साथ श्रीलंकाई टीम ने खुद को क्लीन स्वीप से बचा लिया है, हालांकि चरिथ असलंका की कप्तानी वाली टीम ने यह सीरीज 2-1 से गंवा दी है। गुरुवार को नेल्सन में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 218 रन का स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम तय 20 ओवर में 7 विकेट पर 211 रन तक ही पहुंच सकी। कुसल परेरा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 46 गेंद पर 101 रन की पारी खेली। जबकि जैकब डफी को प्लेयर ऑफ सीरीज चुना गया। डफी ने 8 विकेट चटकाए हैं।

**श्रीलंका की खराब शुरुआत, पावरप्ले में 2 विकेट गंवाये :** टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत खराब रही। टीम पावरप्ले के 6 ओवर में 49 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए थे। पारी के तीसरे ओवर में मैट हेनरी ने पथुम निसांका को पवेलियन भेजा, जबकि 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस को माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराया। निसांका 14 और मेंडिस 22 रन बनाकर आउट हुए।

### परेरा-असलंका की शतकीय साझेदारी

मिडिल ओवर में 83 रन के स्कोर पर तीसरा विकेट गंवाने के बाद कुसल परेरा (101 रन) ने कप्तान चरिथ असलंका (46 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। दोनों ने 45 बॉल पर 100 रन जोड़े। उन्होंने तीसरे विकेट पर फर्नांडो के साथ 41 रन की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को जैकब डफी ने तोड़ा। उन्होंने फर्नांडो (17 रन) को छइह किया।

**न्यूजीलैंड की मजबूत शुरूआत, रचिन रवींद्र की फिफ्टी :** 219 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड की टीम ने मजबूत शुरूआत की। टिम रॉबिंसन और रचिन रवींद्र ने 45 बॉल पर 81 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना नुकसान के 63 रन बना लिए थे। ओपनिंग साझेदारी को अविष्का फर्नांडो ने तोड़ा। उन्होंने रॉबिन्सन को सब्सिट्यूट फील्डर कमिंडु मेंडिस के हाथों कैच कराया।

**कीवियों का मिडिल ऑर्डर फेल रहा :** कीवी टीम का मिडिल ऑर्डर फेल रहा। बल्लेबाज मजबूत शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके। एक समय टीम ने 8 ओवर में 85 रन बना लिये थे और एक विकेट ही गंवाया था। लेकिन टीम यहां से विकेट गंवाती चली गयी। टीम ने आखिरी 5 ओवर में 43 रन ही बनाये।

## भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांचवां टेस्ट आज से

### सिडनी में 13 साल से नहीं हारा है भारत, यहां पिछले तीन मुकाबले ड्रॉ रहे

एजेंसी




**सिडनी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट शुक्रवार से सिडनी में खेला जायेगा। ऑस्ट्रेलिया 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। पहला मैच भारत ने 295 रन से जीता था। दूसरा और चौथा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। वहीं, तीसरा मैच ड्रॉ रहा था।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में टीम इंडिया को पिछले 13 सालों में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। पिछली बार उसे यहां 2012 में हार झेलनी पड़ी थी। उस हार के बाद से टीम ने यहां तीन टेस्ट मैच खेले हैं। तीनों मुकाबले ड्रॉ रहे थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां 1947 से अब तक 13 मैच खेले गये हैं। इसमें कंगारू टीम ने 5 मैच जीते, 7 ड्रॉ रहा। वहीं, भारत केवल एक टेस्ट जीत सका है। टीम को यह जीत 1978 में मिली थी।

**पांचवें टेस्ट में रोहित का खेलना मुश्किल :** इस सीरीज में रोहित पूरी तरह फेल रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में 31 रन बनाये हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कप्तान रोहित शर्मा पांचवें टेस्ट से खुद को बाहर रख सकते हैं। ऐसे में उनकी जगह बुमराह कप्तानी कर सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# बंद घर में महिला का मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** अनुग्रह नगर धनसार टाड़ी स्थित एक खंडरनुम्मा घर मकान मे गुरुवार को महावीर नगर धनसार निवासी पचास वर्षीय सरस्वती देवी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक के कपड़े को बिखरे और अस्त व्यस्त देख स्वजनों ने इसके साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने की आशंका जता रहे है। सूचना पाकर धनसार पुलिस शव का पंचनामा करा पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। इस घटना के बाद महावीर नगर के लोगों मे आक्रोश है। स्वजनों और धनसार के लोगों ने महिला का हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। मृतका के पुत्र शुकरा, मंगरा और मनोज भुईयां ने बताया कि बुधवार की रात करीब आठ बजे वह घर से कम्बल लेने की बात कह घर से निकली थी, लेकिन वह रात भर घर नहीं पहुंची। सुबह में सूचना मिली की उसकी मां का शव खंडरनुम्मा एक मकान मे पड़ा हुआ है। जब वहां पहुंचा तो देखा कि उसकी मां का शव रहस्यमय परिस्थिति मे जमीन पर पड़ा हुआ है। उसके कपड़े बिखरे हुए है। वहीं दिवाल पर खून के छींटे भी पड़े हुए है। इधर शव की सूचना पाकर वहां लोगों की भिड़ जुट गयी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां इस महिला का शल मिला है। उसके थोड़ी दूर पर ही अवैध महुआ शराब की बिक्री होती है। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। फिलहाल उसके स्वजन लिखित शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलने पर कारवाई होगी। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ।

## शिक्षक कैलाश गोस्वामी के घर का ताला तोड़कर हुई लाखों की चोरी



**झरिया/जोड़ापोखर(आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह डुमरियाटार बस्ती के रहने वाले शिक्षक कैलाश गोस्वामी के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दो लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर लिया। घटना के वक्त परिजन अपने घर पर नहीं थे। गोस्वामी ने घटना की शिकायत जोड़ापोखर थाना में किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के सम्बंध में कैलाश ने बताया कि वह सरस्वती शिशु मंदिर कतरास में अंग्रेजी के शिक्षक है। वह अपने परिवार के साथ कतरास में ही रहते है। डिगवाडीह डुमरियाटार बस्ती में उनका पुश्तेनी मकान है। जहां उनके भाई कोकिल गोस्वामी वर्तमान में रहते थे। दो माह पूर्व कोकिल अपने पत्नी कुसुम देवी के साथ अपने पुत्र के पास मुंबई चले गये तबसे घर मे ताला बंद रहता था। बीच-बीच में हम कतरास से आकर घर देखकर चले जाते थे। इससे पूर्व हम 25 दिसम्बर को यहां पहुंचे थे तो सबकुछ ठीक था। गुरुवार की सुबह पड़ोसियों ने मोबाइल से सूचना दिया कि हमारे घर के मुख्य दरवाजे के ताला टूटा हुआ है और घर का किवाड़ खुला पड़ा है। सूचना मिलते ही कतरास से आकर देखा कि घर के भीतर पांच कमरे है सभी का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़कर बक्सा, ब्रीफकेश तोड़कर उसमें रखे हमारे भाभी के गहने जिसमे सोने के कान का झुमका एक जोड़ी, बाला एक जोड़ी, मंगलसुत, अंगूठी सहित चांदी के पायल और जमीन सम्बंधित कागजात और कुछ जरूरी कागजात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। जोरापोखर पुलिस को घटना की शिकायत किया है। पुलिस जांच करने पहुंची थी।

# अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के महाअधिवेशन का हुआ शुभारंभ

## झारखंड में पहली बार किन्नरों का महाकुंभ धनबाद में

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन की बिगुल गुरुवार से बज गया, जिसकी आवाज 10 जनवरी तक गूंजती रहेगी। अधिवेशन के किन्नरों की मंडप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी पहुंची तो उपस्थित हजारों किन्नरों ने उनका भव्य स्वागत किया और नाच गान करते हुए उन्हें मंडप तक लाया। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आयी अलावाया नायक ने कहा की झारखंड में पहली बार किन्नरों का ये महाकुंभ धनबाद में होने जा रही है। जिसकी शुरूआत झारखंड प्रदेश की अध्यक्ष छमछम देवी अध्यक्ष को मंडप में पहुंचते ही शुरू हो गया। अभी किन्नरों का आना जारी है संभवतः कल तक सभी किन्नर यहां पहुंच जायेंगी और कार्यक्रम की आगाज हो जायेगा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम मेंअलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो,ज्योति नायक, सांवरिया, गीता नायक, निर्मला किन्नर, श्वेता किन्नर, रेखा किन्नर आदि शामिल थे।

# हीरापुर में सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक

**सर्वधर्म सामूहिक विवाह में कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए समिति से संपर्क कर सकते हैं: प्रदीप सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** गुरुवार को सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक हीरापुर स्थित वेडिंग विल्स मैरेज गार्डन में की गयी। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की गल्फ ग्राउंड धनबाद में 15 जनवरी को होने वाले सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों से की जा रही है। अभी तक कूल 90 रजिस्ट्रेशन फॉर्म निकल चुके है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 8 जनवरी है। सिंह ने बताया की इस वर्ष सामूहिक विवाह का 11वां वर्ष है यादि किंही इच्छुक नागरिकगण को कन्या दान करने की चाहत है तो वे समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह से सम्पर्क कर कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त कर सकते है। इस संदर्भ में 9431315954 पर संपर्क कर जानकारी लें सकते है। समिति के उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया की 11 जनवरी को भूमि पूजन के साथ-साथ सभी जोड़ों को शादी का जोड़ा दिया जायेगा। सामूहिक विवाह में( बरातियों और शरातियों) 10 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। इस विवाह समारोह मे धनबाद के सभी सामजिक संस्थाओं, समाजसेवियों, राजनीतिज्ञ गणों को न्योता दिया जा रहा है। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य और महिला विंग की सभी सदस्याएं मौजूद थी।

# माउंट आबू से ब्रह्मकुमारी टीम का पहला कदम में आगमन

**दिव्यांग समानता संरक्षण और सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** गुरुवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में ब्रम्हा कुमारी माउंट आबू से बी के सूर्यप्रकाश और उनकी टीम का आगमन हुआ। टीम ने दिव्यांग समानता, संरक्षण और सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम करवाया । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि सत्कार और दीप प्रज्वलन से की गयी। कार्यक्रम मे परमपिता परमेश्व के प्रति लोगो को जागरूक कर आत्मा और परमात्मा के बीच आपसी सम्बंध की वास्तविक समझ को समझाया गया। बी के सूर्यप्रकाश और उनकी टीम ने बताया की इस अभियान का मुख्य उदेश्य दिव्यांगों को आंतरिक रूप से सशक्त और संरक्षित करना है दिव्यांगों सहानुभूति की नहीं बल्कि अवसर की आवश्यकता है। दिव्यांग बच्चों के बीच चित्र चरित्र, प्रतियोगिता, गुणों पर आधारित सांप सीडी खेल और कोटेशन प्रतियोगिता भी करायी गयी। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया की इस कार्यक्रम से बच्चों मे प्रेरणा, सकारात्मक सोच का प्रभाव के साथ साथ ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। सचिव अनिता अग्रवाल ने शॉल ओढ़ाकर और तुलसी पौधा देकर उन्हे सम्मानित किया। ब्रम्हा कुमारी की टीम ने भी अपने स्मृति चिन्ह देकर सचिव को सम्मानित किया। सभी प्रतियोगिता मे विजयी दिव्यांग बच्चों को पुरुस्कार दे कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिल कर नृत्य किया। सभी बच्चों को प्रसाद और फल की सौगात दी गयी।

# श्री शिव स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों के साथ किया वनभोज कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**नावाडीह/बेरमो।** श्री शिव स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा ट्रस्ट ने नये साल के उपलक्ष पर गुरुवार को नावाडीह प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकीकुड़ी (पलामू) के प्रांगण में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के बीच वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों बच्चों और ग्रामीणों ने वनभोज का आनंद लिया। यहां आयोजित वनभोज समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव सह संस्थापक भुनेश्वर नायक ने कहा कि हर वर्ष हमारी संस्था सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के बीच नये साल में वनभोज देती है और शिक्षा में स्कूली गरीब बच्चों को सहायता करती है। ताकि गरीब बच्चों में भी जागरूकता आ सके। संस्था के मीडिया प्रभारी जोधन नायक ने कहा कि हमारी संस्था ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के शिक्षा के प्रति जागरूक करने और जरूरतमंद लोगों के बीच समय-समय पर कंबल और बच्चों के बीच पुस्तक वितरण किया जाता है। कहा कि हम लोगों को ग्रामीण स्कूली बच्चों के वनभोज देकर काफी आनंद मिलती है, लेकिन इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विकास जरूरी है। पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी ने संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय तेली महासंगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की और छोटकीकुड़ी पलामू जैसे आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को विकास पर ध्यान देने की अपील की। पंसस प्रतिनिधि गोविंद किस्कू और आशुतोष कुमार सिंहा ने बच्चों को और ग्रामीणों से अपने बच्चों को शिक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर छोटकीकुडी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार किस्कू, नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो के अलावा शिक्षक रीतलाल महतो, धनेश्वर प्रसाद महतो, मुन्ना बेसरा के अलावा सुदामा साहू, शंभू गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, जेएलकेएम के खगेंद्र महतो यदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पूर्ववर्ती छात्र बीपीएससी की परीक्षा में परचम लहराया



**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बीआरएल डीएवी में विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र आदर्श कुमार ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। विदित हो कि आदर्श कुमार पुत्र विजय साव ग्राम, तुरियो ने बीपीएससी -2024 की परीक्षा में सिविल जज के पद पर चयनित होकर विद्यालय सहित इस क्षेत्र विशेष का नाम रोशन किया है। जिसमें उन्होंने 120 वां रैंक प्राप्त किया है। विद्यालय की पूर्ववर्ती छात्र कुमार आदर्श की इस अप्रतिम सफलता पर विद्यालय प्राचार्य आरके सिंह ने हर्ष व्यक्त किया।

# मारवाड़ी तत्वाधान में पारिवारिक आनंदोत्सव का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में गुरुवार को पारिवारिक आनंदोत्सव का आयोजन वेडलॉक ग्रीन रिजॉर्ट में किया गया। पारिवारिक आनंदोत्सव कार्यक्रम में धनबाद जिले में निवास करने वाले तमाम समाज बंधुओ को और मारवाड़ी समाज के जितने भी अनुसांगिक संगठन है सभी को आमंत्रित किया गया था। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन और महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन समाज को एकत्रित करने और एक सूत्र में पिरोने को किया गया था। अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आग्रह किया जिससे सम्मेलन को और मजबूती मिल सके। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आज के कार्यक्रम में महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों के लिए कई तरह का मनोरंजन कार्यक्रम रखा गया था। उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर लुफ्त उठाया चेतन ऑर्नामेंट की ओर से हौजी में विजेताओं को सोने और चांदी का अनेक उपहार दिया गया। बॉलीवुड कलाकार मोहित अग्रवाल योगेश राज और टीम के द्वारा संगीतमय प्रस्तुति कर समां बांधे रखा जमकर लोगों ने डांस कर भरपूर आनंद उठाया उपस्थित सभी लोगों के लिए अनेक प्रकार के लजीज व्यंजन की व्यवस्था की गयी थी। उपाध्यक्ष दीपक रुइया ने बताया कि म्यूजिकल चेयर गन शूटिंग मिकी माउस बैलून गेम के अलावे कई प्रकार के खेल का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को अनेक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 2000 की संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णलाल रुंगटा डी एन चौधरी संतोष जला, सज्जन खरकिया, राजकुमार अग्रवाल, किशन अग्रवाल, योंगेंद्र तुलस्यान, कृष्णा लोहारुका, दीपक पोद्दार, चेतन गोयनका, संजीव अग्रवाल, शेखर शर्मा, विनय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनिल खेमका, राकेश हेलीवाल आर बी गोयल, प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, दीपक कटेसरिया, अरविंद सतनालिका, श्याम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, मिठू सरिया, आशीष अग्रवाल, ललित मोदी, विनोद सिंघल, गोपी कटेसरिया, अजय गर्ग, घनश्याम नारनौली, वेद प्रकाश केजरीवाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।


## समाहरणालय, सिमडेगा

(जिला समाज कल्याण शाखा)

पत्रांक....................../ दिनांक..............

### संविदा आधारित नियुक्ति हेतु सूचना

सिमडेगा जिले में अवस्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह (अधिसूचित सुरक्षा का स्थान) के सृजित पद समूहों के विरूद्ध समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) के चिन्हित पदों के अनुसार संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं आहर्ताधारी व्यक्तियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | वित्त विभागीय संकल्प सं0–965/वि0 दिनांक–25.03.2009 एवं संकल्प सं0–2176/वि0 दिनांक– 28.7.2015 के आलोक में निर्धारित संविदागत पारिश्रमिक राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिवीक्षा पदाधिकारी | 01 | 28755 | विधि स्नातक |

1. वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 4569/वि0 दिनांक– 05.07.2002 में निहित शर्तों/प्रक्रिया, योजना–सह–वित विभाग एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत मार्ग–निदेशों के आलोक में संविदा आधारित नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।

(क) संविदा पर नियुक्ति की शर्तें :–

i. संविदा में एक वर्ष हेतु नियुक्ति की जायेगी। वार्शिक कार्य मूल्यांकन संतोशप्रद पाये जाने की स्थिति में आवश्यकतानुसार अनुबंध अवधि का विस्तार किया जायेगा।
ii. कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर संविदा के आधार पर की गई नियुक्ति को एक माह के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है।
iii. संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मियों का स्थाई नियोजन नहीं होगा बल्कि स्वीकृत मानदेय की विरूद्ध उन्हें कार्य करने के लिए अनुबंधित किया जायेगा।
iv. विभाग आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्तों एवं पदों की संख्या में संशोधन करने के लिए स्वतंत्र होगा।
v. संविदा पर नियुक्त कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक राशि के संबंध में योजना–सह–वित विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा वह मान्य होगा।
vi. संविदा पर नियुक्त कर्मी को कैलेण्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुसार आकस्मिक अवकाश देय होगा, किंतु वह किसी अन्य अवकाश के हकदार नहीं होंगे।
vii. संविदा पर नियुक्त कर्मी का पद स्थानान्तरणीय नहीं होगा।
viii. संविदा पर नियुक्त कर्मी के लिए राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।

(ख) संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रिया :–

i. संविदा आधारित नियुक्ति के नियमितिकरण के संबंध में किसी प्रकार का दावा अमान्य है। उपायुक्त संविदा आधारित पद धारकों के नियुक्ति प्राधिकार होंगे।
ii. चयनित अभियाथियों द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्रों का सत्यापन नियुक्ति के तीन माह के अंदर प्रमाण पत्र निर्गत करने वाली संस्थान से कराना सुनिश्चित किया जाएगा। चयनित अभ्याथियों का पुलिस सत्यापन कराया जाएगा।
iii. संविदागत नियुक्ति की प्रकियात्मक कार्रवाई में चयन समिति की अनुशंसा पर उपायुक्त का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

(ग) चयन का मापदण्ड

चयन में साक्षात्कार का प्रावधान नही होगा।

अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के निम्नांकित प्रत्येक स्तर पर प्राप्त अंक का प्रतिशत ज्ञात कर प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की जायेगी।

| क0सं0 | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मापदण्ड का प्रतिशतता | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मैट्रिक | इन्टर | स्नातक | स्नातकोत्तर | कुल प्रतिशतता |
| 01 | परिवीक्षा पदाधिकारी | विधि स्नातक | 30 | 30 | 40 | – | 100 |

उक्त उकल पद की रिक्ती में पाँच गुणा अभ्यार्थियों का चयन शीर्ष प्रारंभिक मेधा सूची के अनुसार किया जाएगा एवं उनका कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग जांच परीक्षा के लिए की जायेगी।

कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग में कमशः 20 एवं 30 शब्द प्रति मिनट शुद्धता सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग में किसी अंक की देयता नहीं है। टाईपिंग शुद्धता सहित उत्तीर्णता के आधार पर अंतिम मेधा सूची तैयार कर सदस्य सचिव द्वारा चयन समिति की अनुशंसा के लिए उपस्थापित की जाएगी। चयन समिति की अनुशंसा पर उपायुक्त द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर संविदागत शर्तों/निर्धारित मानदेय सहित नियुक्ति आदेश निर्गत किया जाएगा।

2.चयन के लिए उम्रसीमा :–

आयु की गणना हेतु तिथि : 01/08/2024

| कोटि | न्यूनतम आयु (वर्ष में) | अधिकतम आयु(वर्ष में) | दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित | 21 | 35 | 40 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग | | 37 | 42 |
| महिला अनारक्षित | | 38 | 43 |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | | 40 | 45 |

3. आवेदन की प्रक्रिया :–

इच्छुक उम्मीदवार संलग्न विहित आवेदन प्रपत्र के साथ निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति समर्पित करेगें–

I. मैट्रिक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
II. इन्टर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
III. स्नातक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
IV. स्नातकोत्तर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
V. आवासीय प्रमाण–पत्र।
VI. जाति प्रमाण पत्र।
VII. अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक योग्यता/डिप्लोमा प्रमाण पत्र।

4. विहित आवेदन प्रपत्र में प्राप्त करने की अंतिम तिथि.17.01.2025.है। (अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. रिक्त एकल पद के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा,(सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय प्रथम तल) पिन कोड–835223 के पते पर भेजा जा सकता है।
6. नियुक्ति में झारखण्ड की नियुक्ति नियमावली लागू रहेगी।

नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना एवं विहित आवेदन प्रपत्र जिला समाज कल्याण, सिमडेगा के सूचनाफलक पर प्रदर्शित किये जायेगें एवं सिमडेगा जिला के वेबसाइट www.simdega.nic पर उपलब्ध है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। | उप विकास आयुक्त, सिमडेगा | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 343388 Simdega(24-25)D

## एक खेल रत्न पुरस्कार, तीन अर्जुन पुरस्कार

# किट विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण, चार छात्रों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल पुरस्कार मिलेगा

**भुवनेश्वर।** किट विश्वविद्यालय के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, चार उत्कृष्ट छात्र-एथलीटों को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए चुना गया है। पुरस्कारों की सूची दो जनवरी, 2025 को घोषित की गई है। उन्हें ये पुरस्कार 17 जनवरी, 2025 को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जायेंगे, जो विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा।




**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार-प्रवीण कुमार (पैरा-एथलीट)**

केआईआईटी विश्वविद्यालय में एमए समाजशास्त्र के छात्र प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार मिला। 2024 पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो पैरालिंपिक में रजत पदक जीतने वाले प्रवीण ने किट, किस और किम्स के माननीय संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत के प्रति उनके अटूट समर्थन और प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**अर्जुन पुरस्कार – साजन प्रकाश (तैराकी)**

ओलंपियन तैराक साजन प्रकाश, जो किट विश्वविद्यालय में एमसीए के छात्र हैं, को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अपनी उपलब्धियों के लिए जाने जाते हैं, जिसमें लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष तैराक होना और कई स्वर्ण पदक जीतकर कई राष्ट्रीय और एशिया रिकॉर्ड तोड़ना शामिल है।

**अर्जुन पुरस्कार-अन्नू रानी (भाला फेंक)**

किट विश्वविद्यालय में योग में एमए कर रही अन्नू रानी को भी भाला फेंक में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्नू की यात्रा उल्लेखनीय उपलब्धियों से चिह्नित है, जिसमें पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करना, राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक, एशिया खेल 2022 और 2017 में स्वर्ण और कांस्य, और एशियाई चैंपियनशिप 2019 और 2017 में रजत और कांस्य शामिल हैं। उन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला भाला फेंक खिलाड़ी बनकर और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया।

**अर्जुन पुरस्कार-ज्योति याराजी (एथलेटिक्स)**

केआईआईटी विश्वविद्यालय में बीए समाजशास्त्र की छात्रा ज्योति याराजी को एथलेटिक्स में उनके शानदार योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार मिला। ज्योति की उपलब्धियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करना, 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतना और बाधा दौड़ में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाना शामिल है। वह 100 मीटर बाधा दौड़ में 13 सेकंड की बाधा को तोड़ने वाली पहली भारतीय महिला भी बनीं और भारतीय एथलेटिक्स में लगातार नये मानक स्थापित किये। एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण और कई अन्य पदक। इनमें से प्रत्येक एथलीट ने प्रो अच्युत सामंत, माननीय संस्थापक किट, किस और किम्स के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने शीर्ष सुविधाओं और निरंतर प्रोत्साहन के माध्यम से खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाले माहौल को बढ़ावा दिया। उन्होंने ओलंपिक से पहले सभी ओलंपियन और पैरालिंपियन को (आईएनआर) सात लाख देने और पदक विजेताओं को दिए जाने वाले विशेष पुरस्कारों की उनकी पहल की भी सराहना की। प्रो अच्युत सामंत ने एथलीटों की समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की, और उन्हें विश्वविद्यालय और राष्ट्र के लिए अधिक से अधिक मील के पत्थर हासिल करने में मदद करने के लिए किट विश्वविद्यालय से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। अपने बयान में प्रो सामंत ने कहा कि हमें बहुत गर्व है कि एक शैक्षणिक संस्थान एक कैलेंडर वर्ष में चार राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्राप्त करने जा रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए किट विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# बरगढ़ रोड को नवापारा रोड से जोड़ने वाली रेलवे लाइन परियोजना से कनेक्टिविटी बढ़ेगी

आजाद सिपाही संवाददाता


**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे ने बरगढ़ रोड को नवापारा रोड से जोड़ने वाली 138.32 किलोमीटर लंबी नयी रेलवे लाइन के निर्माण के साथ ओड़िशा में अपने प्रमुख बुनियादी ढांचे के विस्तार को जारी रखा है। यह रणनीतिक परियोजना कनेक्टिविटी में सुधार, क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और क्षेत्र में यात्री और माल परिवहन दोनों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करने के लिए तैयार है।

**परियोजना स्वीकृत और वित्तीय अवलोकन**

रेलवे बोर्ड ने 10 सितंबर, 2024 को कुल 2621.92 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना का वित्तीय विवरण इस प्रकार है सिविल इंजीनियरिंग: 2107.30 करोड़ रुपये, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग: 305.55 करोड़ रुपये और सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियरिंग: 209.07 करोड़ रुपये। ओड़िशा की राज्य सरकार ने मुफ्त में भूमि उपलब्ध कराकर और 100 करोड़ रुपये का अनुदान देकर अपना पूरा समर्थन दिया है। परियोजना के लिए 300 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

**भूमि अधिग्रहण विवरण**

इस परियोजना के लिए 924.64 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करना आवश्यक है, जिसकी लागत लगभग 364 करोड़ रुपये होगी। अधिग्रहित की जाने वाली भूमि में 752.524 हेक्टेयर निजी भूमि, 123.233 हेक्टेयर सरकारी भूमि और 48.913 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है। अधिग्रहण प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है, बरगढ़ और नवापारा दोनों जिलों में भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारियों की नियुक्ति क्रमशः 15 अक्टूबर, 2024 और 29 नवंबर, 2024 को प्रकाशित राजपत्र अधिसूचनाओं के माध्यम से की गयी है। ओड़िशा सरकार और स्थानीय अधिकारियों के सक्रिय सहयोग से, बरगढ़ रोड से नवापाड़ा रोड रेलवे लाइन का समय पर पूरा होना इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए तैयार है। यह परियोजना न केवल यात्री परिवहन में सुधार करेगी बल्कि माल के बेहतर परिवहन के माध्यम से आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगी। रेलवे भूमि अधिग्रहण और निर्माण गतिविधियों की तीव्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह बुनियादी ढांचा मील का पत्थर ओडिशा के लोगों के लाभ के लिए हासिल किया जा सके।




### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

- नयी रेल लाइन बरगढ़ रोड से नवापारा रोड तक विद्युतीकृत ब्रॉड गेज (बीजी) मेल लाइन होगी, जो पद्मपुर से होकर गुजरेगी, जो एक वैकल्पिक छोटा मार्ग प्रदान करेगी और भीड़भाड़ वाले झारसुगुड़ा-बिलासपुर-रायपुर सर्किट को बायपास करेगी।
- यह नया मार्ग संबलपुर-झारसुगुड़ा-रायपुर मार्ग की तुलना में यात्रा की दूरी 53 किलोमीटर और संबलपुर-टिटिलागढ़-रायपुर मार्ग की तुलना में 87 किलोमीटर कम कर देगा, जिससे माल और यात्रियों का आवागमन तेजी से हो सकेगा।
- इस परियोजना में 13 स्टेशन होंगे, जिनमें दो मौजूदा स्टेशन और 11 नये स्टेशन शामिल होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में पहुंच में सुधार होगा।

### प्रस्तावित संरेखण और स्टेशन स्थान हैं

1. बरगढ़ रोड (मौजूदा) - बरगढ़
2. सरसरा (नया) झ्र बरगढ़, बरगढ़ से 6.495 कि.मी
3. डुमेरपाली (नया)- बरगढ़ से 17.44 कि.मी., बरगढ़
4. बीजेपुर (नया) झ्र बरगढ़, बरगढ़ से 26.97 किमी
5. बादीपाली (नया)- बरगढ़ से 40.185 कि.मी., बरगढ़
6. धौरामुंडा (नया)- बरगढ़, बरगढ़ से 58.925 किमी
7. पदमपुर (नया) - बरगढ़, बरगढ़ से 72.445 किमी
8. भगतपुर (नया) - बरगढ़, बरगढ़ से 87.365 किमी
9. माझीपाली (नया)- बरगढ़ से 94.98 कि.मी., बरगढ़
10. पाइकमल रोड (नया) - बरगढ़, बरगढ़ से 106.11 किमी
11। बरटुंडा (नया) झ्र बरगढ़, बरगढ़ से 117.61 किमी
12. अनलाजुबा (नया) झ्र बरगढ़, नुआपाड़ा से 112.2 किमी
13. नुआपाड़ा रोड (मौजूदा) झ्र बरगढ़, नुआपाड़ा से 138.32 किमी

## ओएएस अधिकारियों को मिली नयी पोस्टिंग

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा सरकार ने तीन ओड़िशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) अधिकारियों को उनके वर्तमान पदस्थापन स्थान से स्थानांतरित करने के बाद नयी नियुक्तियां दी हैं, सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग (जीएएंडपीजी) विभाग ने यह जानकारी दी। अधिसूचना के अनुसार, नगर प्रशासन के निदेशक और सरकार के पदेन विशेष सचिव, आवास और शहरी विकास विभाग, ओएएस अधिकारी देबाशीष सिंह को सरकार के विशेष सचिव, आवास और शहरी विकास विभाग के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार, अनुज कुमार दास पटनायक, ओएएस (एसएजी), अतिरिक्त सचिव, इस्पात एवं खान विभाग को अतिरिक्त सचिव, इस्पात और खान विभाग के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा, गौतम चौधरी, ओएएस (एसएजी), पूर्व नियंत्रक, राज्यपाल के घर, यूओटी को सरकार के अतिरिक्त सचिव, डब्ल्यू एंड सीडी विभाग के रूप में अब सरकार के अतिरिक्त सचिव, इस्पात और खान विभाग के रूप में नियुक्त किया गया है। जीए एंड पीजी विभाग की अधिसूचना संख्या 36181/एससीएस दिनांक 29.11.2024 के तहत गौतम चौधरी, ओएएस (एसएजी) की सरकार के अतिरिक्त सचिव, डब्ल्यू एंड सीडी विभाग के रूप में की गयी पोस्टिंग को रद्द कर दिया गया है, जीये एंड पीजी विभाग की अधिसूचना में कहा गया है। इससे पहले, राज्य सरकार ने आइएएस अधिकारियों के पदों में मामूली फेरबदल किया और पांच आइएएस अधिकारियों को नयी नियुक्तियां दी। इनमें राज्यपाल के प्रधान सचिव आईएएस एनबीएस राजपूत, सरकार के आयुक्त-सह-सचिव आइएएस तेमजेनवापांग एओ, ओड़िशा औद्योगिक संवर्धन और निवेश निगम लिमिटेड (आइपीआइसीओएल) के प्रबंध निदेशक आईएएस भूपेंद्र सिंह पूनिया, ओडिशा के कृषि और खाद्य उत्पादन निदेशक आईएएस प्रेम चंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री के निजी सचिव आइएएस अरिंदम डाकुआ शामिल हैं।

## मच्छर मारने वाली कॉइल से लगी आग, चार घर और 40 क्विंटल धान जलकर राख

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालासोर।** एक दुखद घटना में, कथित तौर पर एक गौशाला में आग लगने से चार घर और 40 क्विंटल धान जलकर खाक हो गये। यह घटना बुधवार रात बालासोर जिले के सिमुलिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बंगालपुर ग्राम पंचायत के इशान गांव में गौशाला में आग लगने के बाद हुई। जानकारी के अनुसार बुधवार रात को गौशाला में मच्छर मारने वाली कॉयल जलाई गयी थी, लेकिन कॉयल किसी तरह गौशाला में रखे सूखे भूसे के संपर्क में आ गयी। आग धीरेन मलिक के घर तक पहुंच गयी। स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए दौड़े और मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने स्थिति पर काबू पाया, लेकिन आग में 40 क्विंटल धान की फसल जलकर राख हो गयी और लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी।

## ओड़िशा में आइएएस में फेरबदल सीएम के निजी सचिव बदले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में एक और आईएएस फेरबदल में, चार आईएएस अधिकारियों को गुरुवार को ओड़िशा सरकार के सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग द्वारा नयी नियुक्तियां दी गयी हैं। राज्यपाल के प्रमुख सचिव आइएएस एनबीएस राजपूत को सार्वजनिक उद्यम विभाग के प्रमुख सचिव के अतिरिक्त प्रभार में बने रहने की अनुमति दी गयी है। आईएएस तेमजेनवापांग एओ, आयुक्त-सह-सचिव, सरकार को योजना और अभिसरण विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। आइएएस भूपेंद्र सिंह पूनिया, आइपीआइसीओएल, जिनके पास विशेष सचिव, उद्योग विभाग तथा प्रबंध निदेशक, आइडीसीओ का अतिरिक्त कार्यभार है, को आयुक्त-सह-सचिव, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा विभाग का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।

एनबीएस राजपूत, आईएएस की कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव के पद पर अतिरिक्त नियुक्ति, पूनिया, आईएएस के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से समाप्त मानी जायेगी। आइएएस प्रेम चंद्र चौधरी, निदेशक, कृषि और खाद्य उत्पादन, ओड़िशा, साथ ही प्रबंध निदेशक, ओडिशा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार, को निदेशक, कपड़ा और हथकरघा, ओड़िशा, भुवनेश्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। आईएएस अरिंदम डाकुआ, माननीय मुख्यमंत्री, ओड़िशा के निजी सचिव को नगरपालिका प्रशासन का निदेशक और सरकार, आवास और शहरी विकास विभाग के पदेन अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। यह पत्र ओड़िशा में आईएएस फेरबदल के लिए राज्यपाल और सरकार के अतिरिक्त सचिव आईएएस मनोज कुमार मोहंती के आदेश से जारी किया गया।

## भुवनेश्वर में रेलवे क्रासिंग पर युवक का शव मिला




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एक चौंकाने वाली घटना में, भुवनेश्वर में पुनमा रेलवे क्रॉसिंग के पास पटरियों पर एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान स्वराज बेहरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक का शव रेलवे ट्रैक पर खून से लथपथ पड़ा था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या की गयी है। उसकी पीठ और शरीर पर चोट के निशान थे। उनके भाई ने आरोप लगाया कि, मेरे भाई की हत्या की गयी है क्योंकि उसके शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान पाये गये हैं। किसी ने उसकी हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया है। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मौके पर पहुंचकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए कैपिटल अस्पताल भेज दिया गया है।

## डॉ तापस कुमार पटनायक बने नालको के निदेशक, पदभार संभाला

> पटनायक को खनन, रिफाइनरी, तेल और गैस क्षेत्र का भी समृद्ध अनुभव है। कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध के क्षेत्र में स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है और उनके पास विधि की डिग्री भी है।


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डॉ तापस कुमार पटनायक ने खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नवरत्न कंपनी नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) के निदेशक (मानव संसाधन) का पदभार ग्रहण किया। वर्तमान कार्यभार से पहले, डॉ पट्टनायक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में दिल्ली स्थित रिफाइनरी प्रभाग मुख्यालय में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत थे। मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध के क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक के विशिष्ट करियर के साथ, डॉ तापस कुमार पटनायक संगठनात्मक विकास, कर्मचारी जुड़ाव, प्रतिभा अधिग्रहण, औद्योगिक संबंध, शिक्षण और विकास तथा मानव संसाधन रणनीति का प्रचुर अनुभव है। डॉ पटनायक को खनन, रिफाइनरी, तेल और गैस क्षेत्र का भी समृद्ध अनुभव है। उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, डॉ पटनायक ने कार्मिक प्रबंधन और




औद्योगिक संबंध के क्षेत्र में स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है और उनके पास विधि की डिग्री भी है। डॉ तापस कुमार पट्टनायक संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ संरेखित अभिनव मानव संसाधन प्रथाओं को लागू करने में उत्सुक रहे हैं। डॉ पट्टनायक नालको में प्रतिभा अधिग्रहण, कर्मचारी विकास, संगठनात्मक प्रभावशीलता सहित सभी मानव संसाधन कार्यों की देखरेख करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि नालको की मानव संसाधन प्रथाएं कंपनी के दृष्टिकोण और दीर्घकालिक उद्देश्यों का समर्थन करें। खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और नालको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय लोहिया, आईएएस ने निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार ग्रहण करने के लिए डॉ पटनायक को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि नवाचार पर उनका रणनीतिक फोकस संगठन की प्रतिष्ठा को बेहतर कार्यस्थल के रूप में प्रतिस्थापित करेगा।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**